संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक

# घटती घटना

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Sarguja DN/2023-2025

www.ghatatighatana.com
ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21,अंक - 326 मंगलवार 30 सितम्बर 2025, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# पीएम मोदी ने दिल्ली बीजेपी के नए कार्यालय का उद्घाटन किया

## भाजपा की स्थापना को 45 साल पूरे,जनसंघ के रूप में इसका रोपण 1951 में हुआ:मोदी

**नई दिल्ली,29 सितम्बर 2025 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार शाम दिल्ली भाजपा के नए कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा-भाजपा की स्थापना को 45 साल हो गए हैं। जिस बीज से भाजपा आज इतना बड़ा वट वृक्ष बना, उसका रोपण अक्टूबर 1951 में हुआ था।

तब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में जनसंघ की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा कि नवरात्र के इन पावन दिनों में दिल्ली भाजपा को नया कार्यालय मिला है। अटल जी,आडवाणी जी, नानाजी देशमुख,मुरली जी,राजमाता सिंधिया के आशीर्वाद से पार्टी आगे बढ़ी है। पीएम ने कहा कि समय के साथ दिल्ली जनसंघ की कमान बदलती रही। 1980 में जब भाजपा बनी तो वीके मल्होत्रा दिल्ली भाजपा के पहले अध्यक्ष बने। भाजपा आज जिस मजबूत स्थिति में है उसके पीछे कार्यकर्ताओं का त्याग है। दिल्ली भाजपा का वर्तमान कार्यालय अब तक 14 पंत मार्ग पर था। अब ये बीजेपी हेडक्वार्टर के पास दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर शिफ्ट हो गया है। नए कार्यालय की इसकी नींव पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 9 जून 2023 को रखी थी। इसकी लागत 2.23 करोड़ आई है।

भाजपा पूरे देश में अपने संगठन के जिलों के कार्यालय बना रही है। जहां भी भाजपा मजबूत है,वहां हर राज्य और जिले में आधुनिक कार्यालय तैयार किए जा रहे हैं। इसमें मध्य प्रदेश,गुजरात,उत्तरप्रदेश,उत्तराखंड,महाराष्ट्र और दूसरे राज्य शामिल हैं। दिल्ली बीजेपी के नए ऑफिस की लागत 2.23 करोड़ रुपए है। नई बिल्डिंग में मौजूदा कार्यालय से ज्यादा जगह है। इसमें बेसमेंट पार्किंग, कॉन्फ्रेंस कक्ष और बैठक कक्ष जैसी सुविधाएं भी हैं। दिल्ली बीजेपी का नया दफ्तर 825 वर्ग मीटर प्लॉट पर बना है। कुल जगह 30 हजार वर्ग फीट है। भूतल पर एक कॉन्फ्रेंस रूम, स्वागत कक्ष और कैंटीन है। जबकि पहली मंजिल पर 300 लोगों के बैठने की क्षमता वाला एक सभागार है। नए भवन से पंत मार्ग कार्यालय में विभिन्न संगठनों और पार्टी सांसदों के लिए कार्यालयों की व्यवस्था से संबंधित समस्या का समाधान हो जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली भाजपा सरकार और कार्यालय जब कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे तो हम विकसित भारत का सपना तेजी से पूरा करेंगे। भाजपा एनडीए सरकारों ने देश में विकास का नया मॉडल दिया है।

### पीएम बोले...देशभक्ति हमारे लिए पहले हैं...

दिल्ली में निरंतर एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करना है। दिल्ली में हर समुदाय के पर्व मनाए जाते हैं। दिल्ली के कार्यकर्ताओं से अपील है कि देश के कोने कोने से रहने वाले लोगों के साथ उनका पर्व मनाएं। देशभक्ति हमारे लिए पहले है। भाजपा के हर कार्यकर्ता को संकल्प लेना है कि दिल्ली को दुनिया की बेहतरीन राजधानी बनाना है।

### पीएम बोले...गर्व से कहो ये स्वदेशी हैं...

पीएम मोदी ने कहा कि हमें सुनिश्चित करना है कि नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स का फायदा ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचनी चाहिए। विपक्ष वाले उल्टा करते हैं। उन्होंने कहा कि जब हमने जीएसटी कम की तो हिमाचल सरकार ने सीमेंट पर रेट बढ़ा दिए। हमें भारत को आत्मनिर्भर बनाना है और स्वदेशी को अपनाना है। भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि हर दुकान पर बोर्ड होना चाहिए जिसमें लिखा हो- गर्व से कहो ये स्वदेशी हैं। पीएम ने कहा कि विदेशी उत्पादों पर जितनी हमारी निर्भरता कम होगी उतने हम आत्मनिर्भर होंगे। अब तक लाखों कैंप्स में 3 करोड़ से ज्यादा महिलाओं की मुफ्त जांच हो चुकी है। टीबी और कैंसर जैसी बीमारियों को शुरुआत में पकड़ना जरूरी है। दिल्ली कार्यकर्ताओं को चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं सरकार की योजनाओं का लाभ ले पाएं। दिल्ली में निरंतर एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करना है।

### मोदी बोले- बयान बहादुर झूठे बयान देने में माहिर

पीएम मोदी ने कहा...साल 2014 में जब कांग्रेस की सरकार थी तो बयानबाजी करने वाले बयान बहादुर झूठे बयान देने में माहिर थे। 2014 तक देश में 2 लाख से ज्यादा की इनकम पर टैक्स लगता था। आज 12 लाख की इनकम पर टैक्स नहीं है। यही स्थिति जीएसटी पर भी थी। 2014 से पहले 1 लाख खर्च करने पर 25 हजार टैक्स देना पड़ता था। अब नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी में 1 लाख के खर्च पर 5-6 हजार टैक्स देना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इनकम टैक्स और जीएसटी को मिलाकर देशवासियों की 2.50 लाख करोड़ की बचत होने वाली है।




### कार्यालय सिर्फ इमारत नहीं,ये लोगों को जोड़ती है : मोदी

जब हम नए कार्यालय में प्रवेश कर रहे हैं तो हमें उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना है। हमारे लिए भाजपा कार्यालय किसी मंदिर से कम नहीं है। कोई भी कार्यालय सिर्फ इमारत नहीं है ये लोगों को जोड़े रखती है। भाजपा सत्ता नहीं सेवा के लिए आई है। ये कार्यालय इसी भावना को जागृत रखते हैं हमें कोशिश करनी है कि दिल्ली भाजपा कार्यालय की पहचान जनसुनवाई से होना चाहिए।

### सभी बड़े आयोजनों के केंद्र में दिल्ली : मोदी

जनसंघ के जमाने से आज तक जब भी बड़े आयोजन हुए उसके केंद्र में दिल्ली ही रही। हमारे नेताओं ने राष्ट्रीय मुद्दों पर आंदोलन की परंपरा खड़ी की। जब देश के कोने कोने से लोग आते थे तो दिल्ली के कार्यकर्ता देश भर के कार्यकर्ताओं को अपने घरों में रखते थे। कार्यकर्ता 5-5 दिन रुकते थे। उनकी सारी व्यवस्था देखते थे।

### जेटली और सुषमा जी ने अपना जीवन पार्टी को समर्पित किया

पीएम मोदी ने कहा कि अरुण जेटली और सुषमा जी ने पार्टी के लिए अपना जीवन समर्पित किया। पहले जनसंघ और फिर भाजपा दिल्ली के हितों से जुड़ी रही। हमने जनसंघ के समय से लोगों की सेवा की। उन्होंने कहा कि बंटवारे के बाद जनसंघ ने दिल्ली आए लोगों की रहने की व्यवस्था की। इमरजेंसी में दिल्ली के लोगों के साथ जनसंघ के नेताओं ने सत्ता के दमन के खिलाफ संघर्ष किया।

### देशभर में भाजपा के 618 कार्यालय स्थापित : जेपी नड्डा

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली प्रदेश कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि देशभर में 787 कार्यालय बनाने का लक्ष्य है। अब तक दिल्ली समेत 618 कार्यालय बनाए जा चुके हैं। सोमवार को दिल्ली प्रदेश के कार्यालय के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री मोदी का विशेष आभार व्यक्त करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि जब जब हमने पार्टी के लिए, किसी भी कार्य के लिए उनसे मार्गदर्शन मांगा,समय मांगा। उन्होंने पार्टी के लिए हमेशा सबको समय दिया। जब भी पार्टी ने कुछ निवेदन किया वे हमेशा आतुरता से सहर्ष स्वीकार करते हुए उसे पूरा किया है। उनके जीवन का एक-एक पल देश और पार्टी के लिए समर्पित है। आज हम सब के लिए बहुत ही खुशी का विषय है कि एक लंबे अंतराल और इंतजार के बाद दिल्ली प्रदेश के भाजपा का अपना कार्यालय बनकर आज सुसज्जित है और प्रधानमंत्री के कर-कमलों द्वारा उसका श्री गणेश हुआ है। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा कहते हैं कि ऑफिस और कार्यालय में अंतर होता है। ऑफिस 9 से पांच खुलता है लेकिन कार्यालय लोगों की सेवा के लिए सालभर चौबीसों घंटे खुला रहता है। कार्यालय संस्कार केन्द्र है, यहां से संस्कारों की उत्तति होती है। प्रधानमंत्री की इसी सोच को आज दिल्ली प्रदेश का यह कार्यालय कार्यान्वित करने जा रहा है। इस कार्यालय में मीडिया केन्द्र, लाइब्रेरी, कॉन्फ्रेंस हॉल आदि बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि कार्यालय सरकारी भवनों में नहीं, बल्कि अपना स्थापित किया जाना चाहिए। जहां सारे मूलभूत सुविधाएं हों।

# कनाडा ने लॉरेंस गैंग को आतंकी संगठन घोषित किया

## कहा...ये भारत में हत्या-वसूली में एक्टिव संपत्ति जब्त,बैंक खाते फ्रीज होंगे



**जालंधर,29 सितम्बर 2025 (ए)।** कनाडा सरकार ने भारत में एक्टिव लॉरेंस गैंग को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। यह गैंग सिर्फ भारत में ही नहीं, कनाडा में भी क्राइम कर रहा है। कनाडा के पब्लिक सिक्योरिटी मिनिस्टर गैरी अनंदसंगरी ने कहा कि हिंसा और आतंक का कनाडा में कोई स्थान नहीं है, विशेष रूप से वे जो किसी विशेष समुदाय को डर के माहौल में रखने के उद्देश्य से किए जाते हैं। इसके चलते लॉरेंस गैंग को कनाडा के क्रिमिनल कोड के तहत आतंकवादी संगठन करार दिया जाता है।

### फैसले का यह होगा असर

- गैंग की कनाडा में मौजूद किसी भी संपत्ति, वाहन, धन आदि को फ्रीज या जब्त किया जा सकता है।
- गैंग को वित्तीय मदद, यात्रा और भर्ती से जुड़े अपराध में भी कनाडाई एजेंसियों को कार्रवाई का अधिकार मिल गया है।
- अगर कोई व्यक्ति सीधे या अप्रत्यक्ष तौर पर लॉरेंस गैंग को संपत्ति देता है तो इसे भी अपराध माना जाएगा।
- गैंग से कनेक्शन रखने वालों की कनाडा में एंट्री भी मुश्किल होगी। सरकार के मुताबिक कनाडा के इमिग्रेशन एंड रिफ्यूजी प्रोटेक्शन एक्ट के तहत एंट्री के मामले में भी अधिकारी फैसला लेते वक्त इस फैसले को ध्यान में रखेंगे।

# भारत-भूटान के बीच दो नई रेल संपर्क परियोजनाओं पर समझौता,4033 करोड़ रुपये का होगा निवेश

**नई दिल्ली,29 सितम्बर 2025 (ए)।** भारत और भूटान जल्द ही रेल संपर्क से और अधिक मजबूती से जुड़ने जा रहे हैं। दोनों देशों ने सोमवार को 90 किलोमीटर लंबी दो नई रेलवे लाइनों के निर्माण पर सहमति जताई और इसके लिए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। इन परियोजनाओं पर कुल 4,033 करोड़ रुपये का व्यय होगा। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में विदेश सचिव विक्रम मिस्री और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संयुक्त प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी दी। रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि पहली परियोजना कोकराझार (असम)-गेलेफू (भूटान) नई रेल लाइन है, जिसकी लंबाई 69 किलोमीटर होगी और इस पर 3,456 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसे चार वर्षों में पूरा किया जाएगा। इस लाइन से असम के कोकराझार और चिरांग जिले तथा भूटान के सारपांग जिले को लाभ मिलेगा। परियोजना पूरी होने पर यात्रियों और माल ढुलाई की सुविधा बढ़ेगी। भूटान




का गेलेफू क्षेत्र वर्तमान में 'माइंडफुलनेस सिटी' के रूप में विकसित किया जा रहा है। नई रेल लाइन से इस शहर का महत्व और बढ़ेगा तथा यह भारत और भूटान के बीच आर्थिक गतिविधियों का नया केंद्र बन सकता है। उन्होंने कहा कि कोकराझार क्षेत्रीय स्टेशन को न्यू बोंगाईगांव जैसे प्रमुख औद्योगिक केंद्र से जोड़ा जाएगा, जिससे यह पूरा भारतीय रेल नेटवर्क से कनेक्ट हो जाएगा। लगभग 70 किलोमीटर के इस नए निर्माण से 1.5 लाख किलोमीटर लंबे भारतीय रेल नेटवर्क का लाभ सीधे उपलब्ध होगा। इस परियोजना में छह स्टेशन, दो बड़े पुल, दो वायडक्ट, 29 बड़े और 65 छोटे पुल, 39 अंडरपास, एक फ्लाईओवर और दो शेड विकसित किए जाएंगे। रेल मंत्री ने कहा कि दूसरी परियोजना बनारहाट (भारत)-समत्से (भूटान) नई रेल लाइन है। इसकी लंबाई 20 किलोमीटर होगी और इस पर 577 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसे तीन वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लाइन से पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले और भूटान के समत्से जिले को सीधा लाभ मिलेगा। भूटान सरकार समत्से को औद्योगिक नगर के रूप में विकसित कर रही है, जिससे क्षेत्रीय औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इन रेल परियोजनाओं से न केवल लोगों की आवाजाही आसान होगी, बल्कि भारत-भूटान सीमा पर सामाजिक और आर्थिक संबंध भी और गहरे होंगे। माल ढुलाई की सुविधा से दोनों देशों के बीच व्यापारिक संपर्क मजबूत होगा और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे पूर्वोत्तर भारत और भूटान के बीच सामाजिक-आर्थिक विकास को नई दिशा मिलेगी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि रेलवे लाइन के भारतीय हिस्से पर निवेश रेल मंत्रालय करेगा, जबकि भूटान की ओर का हिस्सा भारत सरकार की वित्तीय सहायता से पूरा होगा।

# करूर भगदड़,राज्य सरकार की कमेटी ने जांच शुरू की

## स्टालिन बोले...पब्लिक इवेंट्स के लिए नए रूल बनेंगे,एनडीए का दल भी दौरा करेगा



**तमिलनाडु,29 सितम्बर 2025 (ए)।** करूर भगदड़ की जांच रिटायर्ड हाईकोर्ट जस्टिस अरूणा जगदीशन की अध्यक्षता वाली कमेटी को सौंपी गई है। सोमवार को रिटा. जस्टिस करूर सिविल अस्पताल पहुंचीं। घायलों की हाल जाना। वहीं, सीएम स्टालिन ने आज कहा कि कमेटी की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही राजनीतिक दलों और अन्य संगठनों के आयोजित पब्लिक इवेंट्स (रैली-सभा) के लिए नए नियम बनाए जाएंगे। सोमवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एनडीएके 8 सदस्यीय दल का गठन किया। जो करूर का दौरा करेगा। मथुरा सांसद हेमा मालिनी को दल का कन्वीनर बनाया गया है। अनुराग ठाकुर, तेजस्वी सूर्या भी इसमें शामिल हैं। तमिल एक्टर विजय की पॉलिटिकल पार्टी टीवीके की चुनावी रैली में 27 सितंबर का शाम भगदड़ मची थी। अब तक 41 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में 18 महिलाएं, 13 पुरुष और 10 बच्चे शामिल हैं। 95 लोग घायल हैं, जिनमें से 51 आईसीयू में भर्ती हैं।

# केरल के सबरीमाला मंदिर से चोरी 4 किलो सोना मिला



**तिरुवनंतपुरम,29 सितम्बर 2025 (ए)।** केरल के सबरीमाला मंदिर से गायब हुआ 4 किलो सोना 27 सितंबर को बरामद हुआ। केरल हाईकोर्ट के निर्देश पर मंदिर का मैनेजमेंट संभालने वाले त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड की विजिलेंस विंग ने इसकी बरामदगी वेनजारामूडु इलाके से की। ये सोना मंदिर के द्वारपालकों की मूर्ति के पीठासन (तांबे के आसन) पर चढ़ाया गया था। जिस व्यक्ति ने इसके गुमने की शिकायत की थी, उसी ने ही सोना लगवाया था। 4 किलो गोल्ड परत भी उसी की बहन के घर बरामद हुआ। शख्स का नाम उन्नीकृष्णन पोटी है, वो बेंगलुरु का रहने वाला है। दरअसल, सबरीमाला मंदिर में साल 2019 में 42 किलो सोने की परत कई मूर्तियों और दीवार पर चढ़ाई गई थी। इसका काम साल 2020 में पूरा हुआ था। इसके बाद कोविड के दौरान महामारी के नियमों के चलते सोने की परत उतारी गई थी। इसके टीडीबी को सौंपा गया था। इस गोल्ड को चेन्नई को कंपनी को फिर से पॉलिस के लिए सौंपा गया था। उसने बताया था कि परत का वजन 42 किलो की जगह 38 है। इसके बाद पोट्टी ने ही आरोप लगाया था कि मूर्तियों के पीठासन मंदिर से गायब हैं।

# उत्तर प्रदेश के हरदोई में भीषण सड़क हादसा,दंपति समेत पांच की मौत



**हरदोई,29 सितम्बर 2025 (ए)।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में सोमवार को हुए सड़क हादसे में दंपति समेत पांच लोगों की मौत हो गई। सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। पुलिस उपाधीक्षक अंकित मिश्र ने बताया कि सुरसा थानाक्षेत्र के भीठा गांव निवासी संदीप (26) के तीन वर्षीय बेटे कार्तिक का सोमवार को हरदोई के बाबा मंदिर में मुंडन संस्कार कार्यक्रम था। मुंडन संस्कार धूमधाम से करने के बाद दोपहर तीन बजे सभी लौट रहे थे। संदीप(32) अपनी बाइक पर पत्नी संगीता (28) बहन मोनी (27), साले संतराम (30) और भांजे आशू (10) को बैठाकर जा रहा था। कार्तिक अन्य रिश्तेदार के साथ था। हरदोई के बिलग्राम हाई-वे पर सुरसा तिराहा के पास पहुंचे ही थे कि तभी बिलग्राम की ओर से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन बाइक में जोरदार टक्कर मारते हुए हाई-वे किनारे खाई में चला गया। हादसे में बाइक सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी पाकर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लिया। एसडीएम सदर सुशील मिश्रा,सीओ सिटी अंकित मिश्रा व सुरसा पुलिस ने पिकअप व बाइक को कब्जे में लिया है।सीओ ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम भेज दिया गया है।

# सुरक्षित वातावरण और मज़बूत इंफ्रास्ट्रक्चर ने यूपी को निवेशकों की पहली पसंद बनाया:पीयूष गोयल

**गौतम बुद्ध नगर,29 सितम्बर 2025 (ए)।** उत्तर प्रदेश के जनपद गौतम बुद्ध नगर के एक्सपो मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण का सोमवार को भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए केंद्र सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आयोजन की सफलता पर उत्तर प्रदेश सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश की आर्थिक, औद्योगिक और सांस्कृतिक क्षमता का आईना है। उन्होंने आह्वान किया कि हम सब मिलकर स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करें, उद्यमिता को बढ़ावा दें और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य



की प्राप्ति के लिए सामूहिक संकल्प लें। केंद्रीय मंत्री ने उत्तर प्रदेश में बीते आठ वर्षों में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शी सोच और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्णायक एवं संवेदनशील नेतृत्व ने प्रदेश की तस्वीर बदल दी है। आज यूपी ऐसे रनवे पर है, जो अनस्टॉपेबल है। उद्योग और निवेश के लिए सुरक्षित वातावरण और मज़बूत इंफ्रास्ट्रक्चर ने यूपी को निवेशकों की पहली पसंद बना दिया है।

इस अवसर पर पीयूष गोयल ने आयोजन को सफल बनाने के लिए टीम यूपीईपीसी, टीम ओडीओपी, टीम सीएम युवा मिशन, टीम आईईएमएल को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। पीयूष गोयल ने कहा कि यूपीआईटीएस 2025 इस मायने में अनोखा है क्योंकि, इसमें सभी स्टेकहोल्डर्स एक साथ जुड़े हैं।

मंच पर उद्योग, सरकार और उसके दोनों अंग मंत्री और अधिकारी मौजूद हैं तो मंच के नीचे उद्यमी, निर्यातक, एमएसएमई, महिला उद्यमी और स्टार्टअप प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित हैं। जब सब मिलते हैं तो यह परफेक्ट मिक्स बनता है और यही उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा का असली राज है। अपने संबोधन में गोयल ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा हाल ही में घोषित जीएसटी बचत उत्सव का जिक्र किया।

# बलात्कार मामले में सजा के खिलाफ उच्च न्यायालय पहुंचे प्रज्वल रेवन्ना



**बेंगलुरु,29 सितम्बर 2025 (ए)।** घरेलू नौकरानी से बलात्कार के मामले में स्थानीय विशेष अदालत से मिली आजीवन सजा के आदेश के खिलाफ कर्नाटक के हासन लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। प्रज्वल रेवन्ना ने अपनी याचिका में निचली कोर्ट से मिली सजा को रद्द करने और याचिकाकर्ता को इस मामले में बरी करने की मांग की है। पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर जनवरी 2021 से जनवरी 2022 के अंत तक बसवनगुडी स्थित उसके घर पर एक महिला के साथ बलात्कार का आरोप है।

# दिल्ली में यमुना के दोनों किनारों पर होगी छठ पूजा की व्यवस्था : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली,29 सितम्बर 2025 (ए)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने छठ पर्व को यमुना नदी के दोनों किनारों पर आयोजित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यमुना के किनारों पर छठ पूजा को लेकर विशेष प्रबंध किए जाएंगे ताकि व्रतधारियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में छठ पर्व की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में दिल्ली के गृह मंत्री आशीष



सूद, कला एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा, मुख्य सचिव धर्मेंद्र के अलावा संबंधित विभागों के आला अधिकारी उपस्थित रहे। छठ पर्व की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से बातचीत की, जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि नियमों के अनुसार यमुना नदी में विसर्जन की मनाही है और छठ पर्व के अनुष्ठानों में विसर्जन का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि राजधानी में पूर्वांचलवासियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, इसलिए उनकी धार्मिक आस्था एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली में यमुना के प्रवेश स्थल पल्ला से लेकर अंतिम स्थल ओखला तक दोनों किनारों पर छठ पर्व का आयोजन किया जाएगा। इन दोनों किनारों पर जहां भी छठ पर्व के लिए समतल किनारे उपलब्ध होंगे, वहां सरकार की ओर से व्रतधरियों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों को निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होने कहा कि पल्ला से लेकर वजीराबाद तक के किनारों पर तो विशेष व्यवस्था की ही जाएगी, साथ ही आईटीओ, ओखला जैसे पुराने स्थलों पर भी व्यवस्थाएं और दुरुस्त की जाएंगी।

# संपादकीय

## जीएसटी कटौती से मांग में उछाल

## क्या बदलेगी आरबीआई की रणनीति?

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की इस सप्ताह बैठक त्योहारी मौसम में हो रही है। ऑनलाइन लेनदेन पर नजर रखने वाली शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आने वाले हफ्तों में जब कंपनियां अपने मासिक और तिमाही आंकड़े जारी करेंगी तो तस्वीर और साफ हो जाएगी लेकिन वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में संशोधन का असर लोगों की खरीदारियों पर पड़ने की संभावना है। जीएसटी प्रणाली में अब केवल दो मुख्य दरें रह गई हैं जिससे अधिकांश वस्तुओं पर कर कम हो गया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह स्थिति चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) संबंधी एमपीसी के अनुमानों को किस हद तक प्रभावित करती है। यह अनुमान बढ़ाया जा सकता है क्योंकि पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही जबकि एमपीसी का अनुमान इससे कम यानी 6.5 फीसदी था। एक नकारात्मक पहलू यह है कि अनुमानों में अमेरिकी शुल्क के प्रभाव भी शामिल करने होंगे। हालांकि,सच कहा जाए तो यह स्पष्ट नहीं है कि ऊंचे शुल्कों का दौर कब तक चलेगा। भारतीय वार्ताकार व्यापार की पारस्परिक रूप से स्वीकार्य शर्तों पर पहुंचने के लिए अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ काम कर रहे हैं।

कुल मिलाकर,आर्थिक वृद्धि दर इस समय एमपीसी के लिए बड़ी चिंता का विषय नहीं होना चाहिए। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर देखें तो एमपीसी ने अगस्त में अपनी पिछली बैठक में चालू वित्त वर्ष में दर औसतन 3.1 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था जिसे कुछ विश्लेषक अधिक बता रहे हैं। जीएसटी दरों में कमी के बाद निकट भविष्य में मुद्रास्फीति दर भी कम होने की संभावना है, हालांकि एमपीसी इस पर विचार करने या अनदेखा करने का विकल्प चुन सकती है। भले ही हाल के महीनों में मुद्रास्फीति अनुकूल स्तर पर रही हो लेकिन मौद्रिक नीति दूरदर्शी बनाए जाने की जरूरत है। इस संबंध में, एमपीसी की अगस्त की बैठक में चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के लिए 4.4 फीसदी मुद्रास्फीति दर का अनुमान लगाया गया था, जो 2026-27 की पहली तिमाही के लिए बढ़कर 4.9 फीसदी हो गई। अगर ये अनुमान बरकरार रहते हैं तो फिर नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश नहीं है। इस तरह, एमपीसी का निर्णय इन अवधियों और उनके बाद के अनुमानों से प्रभावित होगा। भविष्य में दर में कटौती की गुंजाइश तभी बनेगी जब अगले वित्त वर्ष के मुद्रास्फीति अनुमान 4 फीसदी के लक्ष्य से काफी नीचे चले जाएं। इस साल अच्छे मॉनसून (जिससे रबी की फसलों को भी मदद पहुंचेगा) के कारण खाद्य मुद्रास्फीति सहज रहने की संभावना है, जबकि मुख्य मुद्रास्फीति 4 फीसदी के लक्ष्य से ऊपर रही है। कुछ विश्लेषकों ने आने वाली तिमाहियों में मुद्रास्फीति नरम रहने का अनुमान लगाया है लेकिन एमपीसी का निर्णय स्वयं इसके संशोधित अनुमानों पर निर्भर करेगा। एमपीसी कम से कम दो अन्य पहलुओं पर भी विचार करेगी। पहला, मांग बढ़ाने के लिए राजकोषीय प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। शुरू में आयकर राहत के माध्यम से और अब जीएसटी दरों में कमी के जरिये मांग बढ़ाने के प्रयास हो रहे हैं। क्या आरबीआई को दरें अपरिवर्तित रखनी चाहिए या नीतिगत दर में कटौती के साथ मांग का समर्थन करना चाहिए? दूसरी बात, क्या मौजूदा स्तर पर ब्याज दर में कटौती वास्तव में मांग को ताकत देगी? उल्लेखनीय है कि नीतिगत दरों में कटौती का बाजार में ब्याज दरों में प्रसार सुचारू नहीं रहा है। 10-वर्षीय सरकारी बॉन्ड पर यील्ड 6 जून को नीतिगत दर में 50 आधार अंक की कटौती के बाद वास्तव में लगभग 25 आधार अंक बढ़ गई है। इस तरह, मौजूदा स्तर पर ब्याज दर में 25 आधार अंक की एक और कटौती से बहुत मदद नहीं मिलेगी।

# करूर हादसे के सबक:भीड़ नियंत्रण के लिए ठोस रणनीति बनाना आवश्यक

देश के किसी न किसी हिस्से से कुछ समय के अंतराल पर ऐसी खबरें आती ही रहती है। दुःखद पहलू यह है कि जब भी ऐसी कोई खबर आती है, तो दुःख जताने के साथ जांच कमेटी बैठा दी जाती है। साथ ही मुआवजा देकर मरहम लगाकर लीपापोती कर दी जाती है, लेकिन इससे सबक लेते हुए इसको रोकने के लिए कदम कम ही उठाये जाते हैं। इसी कड़ी में तमिलनाडु के करूर में टीवीके प्रमुख और अभिनेता विजय की रैली के दौरान मची भगदड़ में मृतकों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है। स्वास्थ्य सचिव पी सेंथिल कुमार ने बताया 38 शवों की पहचान कर ली गई है और 67 घायलों का उपचार जारी है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतकों और घायलों के परिजनों के लिए मुआवजे की घोषणा कर दी है। अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी टीवीके ने करूर में हुई रैली में हुई भगदड़ के पीछे डीएमके की साज़िश का आरोप लगाया है। इस भगदड़ में 39 लोग मारे गए और लगभग 100 घायल हुए। टीवीके के वकील अरिवझगन ने बताया है कि पार्टी ने मद्रास उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है जिसमें अदालत से एक विशेष जांच दल गठित करने या मामले को केंद्रीय एजेंसी सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया गया है।



मनोज कुमार अग्रवाल
विनायक फीचर्स

हमारे देश में भीड़ में मची भगदड़ में आम आदमी का दब कुचलकर मरना अब एक परंपरा सी बन गयी है। कुंभ के मेले से लेकर खेल के मैदान,राजनेताओं की सभा, फिल्म सितारों के जश्न,कथावाचकों के पांडालों और धार्मिक आस्था के केंद्र मंदिरों तक बार बार इन घटनाओं की पुनरावृत्ति हो रही है। ऐसी घटनाओं में हर बार आम आदमी ही मारा जाता है। बार बार हो रहे ऐसे हादसों से फिलहाल तो कोई सबक नहीं लिया गया है लेकिन अब समय आ गया है कि भीड़ नियंत्रण के लिए राष्ट्र व्यापी ठोस रणनीति बनायी जाए ।

मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। मृतकों का आकंड़ा बढ़ने की आशंका है। इस साल 2025 में मंदिरों, रेलवे स्टेशन और महाकुंभ में भगदड़ में कई लोगों की जान गई है। देश में पिछले दो दशक में दो दर्जन बार भगदड़ में करीब 1500 लोगों की जानें गई हैं,जबकि हजारों लोग घायल हुए हैं। 2025 को भगदड़ दुर्घटनाओं का साल कहा जाए तो गलत नहीं होगा। साल की शुरुआत 8 जनवरी, 2025 तिरुमाला हिल्स में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए टिकट लेने के लिए सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच हुई धक्का-मुक्की में छह श्रद्धालुओं की जान चली गई। दर्जनों लोग घायल हो गए। महाकुंभ के दौरान 29 जनवरी को संगम क्षेत्र में भगदड़ मच गई। मौनी अमावस्या के अवसर पर लाखों तीर्थयात्री स्नान के लिए जगह पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई,60 लोग घायल हो गए। आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत के जश्न में बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हादसा हो गया। विक्ट्री परेड शुरू होने से पहले अचानक भीड़ बेकाबू हो गई,जिससे भगदड़ मची। इस हादसे में 11 लोगों की जान चली गई और कम से कम 50 लोग घायल हुए। 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 पर भगदड़ मच गई। भगदड़ में 18 लोगों की जान चली गई,15 घायल हो गए।तीन मई को गोवा के शिरगाओ गांव में श्री लैराई देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव के दौरान मची भगदड़ में 6 लोगों की मौत और करीब 100 लोग घायल हो गए। इससे पहले 4 दिसंबर 2024 को हैदराबाद में अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग के दौरान मची भगदड़ में 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। तीन जुलाई 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में स्वयंभू बाबा भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि द्वारा आयोजित सत्संग (प्रार्थना सभा) में भगदड़ से 121 लोगों की मौत हो गई।

मध्य प्रदेश के इंदौर में एक मंदिर में 31 मार्च 2023 को रामनवमी के अवसर पर आयोजित हवन समारोह के दौरान बावड़ी या कुएं के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों की जान चली गई। 2022 के पहले दिन जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 12 लोगों की मौत हो गई। 29 सितंबर 2017 को मुंबई में पश्चिमी रेलवे के एलफिंस्टन रोड स्टेशन को मध्य रेलवे के परेल स्टेशन से जोड़ने वाले पुल पर मची भगदड़ में 23 लोगों की मौत हो गई। गोदावरी नदी के तट पर 14 जुलाई 2015 को हुई भगदड़ में 27 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई, 20 घायल हो गए। दशहरा समारोह 3 अक्टूबर 2014 को मेला समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में मची भगदड़ में 32 लोगों की मौत हो गई। इससे पहले 13 अक्तटूबर 2013 को मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान भगदड़ में 115 लोगों की जान चली गई और 100 से अधिक घायल हो गए। 19 नवंबर,2012 को पटना में गंगा नदी



के किनारे अदालत घाट पर छठ पूजा के दौरान पुल के ढह जाने से मची भगदड़ में 20 लोग मारे गए। 8 नवंबर, 2011को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे घाट पर भगदड़ मचने से 20 लोग मारे गए थे। 14 जनवरी, 2011 केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में जीप के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालु मारे गए, 40 से अधिक घायल हो गए।

4 मार्च, 2010 उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में लगभग 63 लोग मारे गए। 30 सितंबर,2008 राजस्थान के जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाहों के कारण मची भगदड़ में 250 श्रद्धालु मारे गए, 60 से अधिक घायल हो गए। 3 अगस्त, 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में चट्टान गिरने की अफवाह उड़ी,जिसमें 162 लोग मारे गए। 25 जनवरी,2005 महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर मेंथा मे थे वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान 340 से अधिक श्रद्धालु कुचलकर मारे गए। 27 अगस्त, 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ में 39 लोग मारे गए। वास्तविकता यही है कि अपने देश में भीड़ नियंत्रण को लेकर ठोस रणनीति नहीं है और यही कारण है कि ऐसे हादसे होते ही रहते हैं। जरूरत है कि भगदड़ जैसी होने वाले त्रासदी को रोकने के लिए नई रणनीति के तहत काम किया जाए। साथ ही भीड़ एकत्र करने वाले आयोजन कर्ताओं की भी साफ एवं स्पष्ट जबावदेही तय की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

# देवी के लांगुरिया शिव,हनुमान,भैरव ओर बटुक नाथ?



आत्माराम यादव पीव
वरिष्ठ पत्रकार

देवीभक्ति के मार्ग पर लांगुर का बड़ा महत्व है ओर देश के विभिन्न प्रांतों,क्षेत्रों में नवदुर्गा स्वरूपा देवी के लांगुर के दृष्टांत मिलते है जिसमें लांगुर को लेकर विभिन्नता,देखी जा सकती है जिसमें जहा कुछ लोग शिव को लांगुर मानते हैए कुछ भैरव को तो कोई हनुमान को यह स्थान देते हैए जबकि वास्तव में बटुक,भैरव,वीर,बेताल आदि देवी के लांगुर है। लांगुर का शाब्दिक अर्थ पुत्र माना गया है ओर शिव.शक्ति पति पत्नी के रूप में प्रतिष्ठित होने से शिव के लांगुर होने की बात लोकमान्यता में उचित प्रतीत नही होती। भैरव को भवानी के पुत्र के रूप में पूजा जाता है इसलिए भैरव के लांगुर होने को सहज ही स्वीकारोकित मिली हुई है ओर अनेक देवी गीत में लांगुर के रूप में भैरव का गुणगान होने से भैरव देवी के लांगुर होने व जनसामान्य के देव के रूप में विशेष स्थान रखते है। ऐसे ही सीता को देवी का स्वरूप मानकर उनके लांगुर के रूप में हनुमान को सर्वोच्च स्थान मिला हुआ है। देवी की भक्ति में लांगुरिया गीत में लांगुर को पूरा सम्मान देकर गीतकारों ने देवी माँ की सच्ची आराधना की है परंतु आज कुछ व्यावसायिक लोगों ने लांगुरिया गीत में विकृत मानसिकता का परिचय देकर लांगुर की भक्ति का उपहास करते हुये गंदे ओर अश्लील गायन ओर अभिनय से भोंडापन दिखाकर वास्तविक लांगुरिया गीत के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा कर दिया है। लांगुर शब्द की व्युत्पत्ति लांगूल से हुई है ओर लांगुर गीत उद्दाम रसिकता लिए भक्ति या मनौती लिए होते है जिसमें दुर्दम पौरुष के रूप में कुवारे देवता के रूप में हनुमान को लांगुरिया का स्थान दिया हुआ है तो दूसरी ओर भैरव देवता को यह स्थान देवी ने दिया है तो कुछ क्षेत्रों में लोग देवी भक्त ज्ञानु भक्त को भी लांगुर मानकर पूजते है। हनुमान को लांगुर माना है। तभी से देवी के लांगुर के रूप में हनुमान को महत्व देने के प्रसंग बहुत है जो चलन में है किन्तु हनुमान राम के भक्त है देवी के वीर नहीं। राम की भक्ति में ही उन्होने देवी सीता की खोज की ओर उनसे अजर अमर होने का वरदान प्राप्त किया किन्तु वे देवी के वीर लांगुर हो यह प्रमाण कही नहीं मिलता। इसके बाद भी हनुमान की मूर्ति को ही वस्तुतया बिना किसी प्रामाणिक आधार पर समाज के अनेक वर्ग स्वप्रेरणा से लांगुर मानकर लांगुरिया शब्द की स्वीकारोक्ति देकर देवी को प्रसन्न करने में बहुत आगे है। नवरात्रि पर दुर्गापूजन में कन्या के साथ लांगुर के रूप में छोटे लड़कों को भोजन कराने कि परंपरा है। कन्या दुर्गा को माना है, फिर लांगुर शिव कैसे हो सकते है?

लोकवार्ता की पगडंडियों में डॉ. सत्येन्द्र लिखते है कि कन्या के साथ लांगुर का क्या अर्थ होगा इसका अर्थ शिव ही हो सकता है। तांत्रिक आवरण में कन्या योनि ओर लांगुर,शिश्न या लिंग। इसका समर्थन संस्कृत कोश भी करते है। इसमें लांगुर का अर्थ पुंछ या लंगूर ही नही दिया शिश्न भी दिया है। वे अपनी बात सिद्ध करने के लिए उदाहरण देते है कि देवीपूजन में आठीयावरी में आंटे के लाठी ओर छल्ले बनाकर कढ़ाई में तलकर चढ़ाए जाते है। ये योनि ओर लिंग के ही तांत्रिक प्रतीक है। दूसरी ओर डाक्टर हजारीप्रसाद द्विवेदी लिखते है कि.लांगुर छोटा बालक है तो वात्सल्य उमड़ता है, ओर लांगुर शिव है तब पुण्य भाव से शिव उभरता दिखता है। लकुट ओर लाठी भी साथ है। यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि लांगुर ओर शिव में आंतरिक अभिन्नता होते हुये भी लांगुर, लांगुर है ओर शिव, शिव है। इसलिए शिव लांगुर है इसकी प्रामाणिकता सिद्ध नही होती।

आखिर लांगूर कौन है? अवधी लोकगीत में हनुमान को लांगुर माना है तो ब्रज ओर बुन्देली लोकगीत में मान्यता भैरवनाथ, बटुकनाथ सहित प्रथक-प्रथक पात्रों के प्रति गहरी निष्ठाओं के साथ भिन्नताए देखने को मिलती है। इससे उभरकर आए मतभेद में लांगुर के दो रूप देखे जा सकते है। एक वे जो वास्तविक लांगूर है ओर दूसरे वे जो आरोपित लांगूर है। शिव ओर हनुमान विशिष्ट है इसलिए इन्हे लोकगीत में मान्य लांगूर कि श्रेणी से हटकर वास्तविकता के अन्वेषण कि ओर बढ़ना ठीक होगा। श्रीमति मालती शर्मा के शोध ओर अनुसंधान के अनुसरण् लांगुर में एक ओर चंडी का बटुक रूप तो दूसरी ओर दैत्यरूप समाया है,इन दोनों को मिलकर लांगुरा बना है। बटुकोत्पति में शिवपुराण कि कोटि रुद्रसहिंता की कथा का उल्लेख करते हुए वे बताती है कि दधीच ब्राम्ह्ण के दुष्ट पुत्र सुदर्शन की तपस्या से प्रसन्न हो,पार्वती सुदर्शन को पुत्र बनाकर शिव कि गोद में समर्पण करती है। शिव सुदर्शन को यज्ञोपित दे सदैव गोल तिलक लगाने का निर्देश दे देवीकार्य ओर ब्रह्मभोज में चंडी के बटुक कि मुख्यता का वरदान देते है। पार्वती सुदर्शन पुत्र को अपने निकट स्थापित करती है तथा अपने ओर अपने भक्तों के मध्य अपनी पूजा को बटुक पूजा ही मानती है। भगवान बिष्णु एक लीला से दैत्य सती का सतीत्व भ्रष्ट करते है तब दूसरी लीला से उनके पति का वध करते है। पति का कटा बाजू ओर कटा सिर देखकर सती को गर्भपात हो जाता है। जिससे बड़े बड़े दांतों वाला बालक रूप रख लेता है जिसे देख सती डर जाती है। भगवान बालक के दांत तोड़ देते हैए तब बालक पूछता है, अब मैं खाउंगों काय से। तब भगवान कहते है रे बालक तू माँ देवी के पास जा ओर उनकी सेवा कर, माँ तुझे लपसी खिलावेगी। इस प्रकार दैत्य पुत्र जरासंध का यह बालक जो उसकी माँ वृन्दा से उत्पन्न हुआ लांगुर के रूप में पूजा जाता है। कोई वृन्दा के इस बालक से पुंछता है. भैया लांगुरा रे अपनी जाति तो बताए तब वह बताता है किण् वम्मन के हम बालका, उपजे तुलसी पेड़। माता का सहायक यह लांगुर माँ को बहुत प्रिय है जो छ माह तक सोता ही नही ओर माँ कि सेवा करता है। देवी आज्ञा दे तो वह असुर के भी नौ.नौ कीलें ठोक देए उन्हे निकाल देए माँ कही चली जाये तो व्याकुलता से उन्हे तलाश करे। देवी माँ का कृपापात्र इतना जो माँ के जस गाये भजन करे तो उनकी भी सेवा करे ओर उन्हे गांजे की चिलम भर.भर कर पिलाये। देवी माँ के वीर. काला भैरव ओर गोरा खेतपाल चामुंडा माँ के अखाड़े के वीर है। माँ का परम भक्त राजा जयदेव परमार से काला भैरव जा भिड़ता है तब वह माँ के वीर काला भैरव को लंगडा कर बंदी बना लेता है जिसे माँ कंकाली भाटनी का रूप रखकर राजा से दान स्वरूप में छुड़ा कर लाती है तब यह काला भैरव लंगड़ाए लंगराए लगुरा लंगूरवा कहलाया। इसके अलावा लोकड़ा वीर को भीमाकाली ने लांगुरवा माना। भीमाकाली का मंदिर हिमाचल प्रदेश के महासू जिले के सहारण स्थान पर है ओर इस देवी को बाणासुर की पुत्री ऊषा ने प्रसन्न कर प्रधुम्न को पति रूप में पाया। तांत्रिको को मानना है कि लांगुरों में 52 वीर भी आते है ओर उनका सरदार नाहरसिंह है जो पीपल के पेड़ में रहता है जिसका आव्हान करने पर सभी 52 लांगुरा उपस्थित होकर भूत प्रेत से मुक्ति दिलाते है। नाहरसिंह के साथ 5 वेताल वीर भी लांगूरे माने गए है जो गृह देवता के रूप में ज्यादा प्रतिष्ठित है ओर जो लोग इन्हे पूजने लगे तो ये प्रसन्न रहते है लेकिन जैसे ही इनकी पूजा बंद कर दे तो ये घर परिवार को नष्ट करने से भी नहीं चूकते है। कन्या पूजा के साथ लांगुर का सम्मान देवी पूजन में एक नए अध्याय को जोड़ता है जहा कन्या देवी तो है ही तभी देवी के भक्त ओर पुजारी देवी के रूप में कन्या की पूजा करके कन्यारूपी देवी को गीतों में गाकर झूमते हुये भक्ति करते है ओर देवी के सेवक लांगुर को देवी के साथ गीतों में याद करके लांगुरिया की तान छेड़ते है जो देवी स्वरूप कन्या ओर देवी भक्त लांगुर की अनन्य भक्ति ओर असीम कृपा पाने का सरलतम उपाय है जिसकी स्वरलहरियों में श्रोता गायक के साथ सारी रात लांगुरिया गीतों में सराबोर होते है।

## कविता



डॉ सत्यवान सौरभ
कौशल्या भवन,बड़वा
(सिवानी) भिवानी

### भारत वर्ष का हर्ष

तुम नमक नहीं,चंदन हो, वीर,
हर चौके,छक्के में दिखा दिया धीर।
देशभर में फैल गया अद्भुत हर्ष,
सदा चमकते रहो हमारे भारत वर्ष।

साहस तुम्हारा निखरा यूँ हर पल,
चुनौती भी थमी,सूरज गया ढल।
दर्शकों के दिलों में बसा भारत वर्ष,
गूँजा गगन में तब भारत का हर्ष।

खिलाड़ी नहीं केवल,प्रेरणा हो तुम,
विश्व ने देखा विजय का तिलक हो तुम।
हर रन और कैच में बरसा हर्ष,
सारे दिलों में गूँजा अद्भुत भारत वर्ष।

नमन है तुम्हें, आज रणवीरों की तरह,
विकट परिस्थितियों में शूरवीरों की तरह।
वीरता की गाथा गूँजी पूरे भारत वर्ष,
जो सजाता मैदान को बनकर हर्ष।

हार की परवाह न की, झुके नहीं कभी,
सपनों को सच कर दिखाया मैदान में सभी।
सशक्त और निर्भीक भारत का हर्ष,
सफलता की धूप खिली पूरे भारत वर्ष।

तुम नमक नहीं,चंदन हो, वीर,
सदा चमकते रहो,रखो मन में धीर।

## सुविचार




# कल्पना से परे है भारत में राजनैतिक अस्थिरता



संजीव ठाकुर
रायपुर,छत्तीसगढ़

नेपाल में पिछले दशकों में राजनीतिक अस्थिरता,दल-बदल, जातीय संघर्ष और आर्थिक असमानताओं ने देश को बार-बार अराजकता की स्थिति में डाल दिया। लगातार बदलती सरकारें और कमजोर प्रशासनिक तंत्र सामाजिक विरोध और आर्थिक अस्थिरता को जन्म देते रहे। इसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर विरोध,हिंसा और सार्वजनिक असंतोष देखने को मिला। कुछ विपक्षी दल तथा विदेशी ताकतें भारत के संदर्भ में यह सवाल उठाती रही है कि क्या हमारी परिस्थितियाँ भी ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा कर सकती हैं। ऐसी बात करना कल्पना से परे हैं क्योंकि भारत में एक बेहद मजबूत नेतृत्व पिछले एक दशक से ज्यादा समय से पूरी साक्षमता के साथ देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। इसके अलावा भारत सामरिक तथा आर्थिक रूप से सशक्त शक्तिशाली एवं मजबूत राष्ट्र है। भारत में राजनीतिक स्थिरता का आधार मजबूत संवैधानिक और संस्थागत ढांचा है। भारतीय संविधान नागरिक अधिकारों की सुरक्षा के साथ-साथ सत्ता के संतुलन और शक्तियों के स्पष्ट विभाजन के माध्यम से राजनीतिक संस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखता है। चुनाव आयोग की स्वतंत्रता नियमित और निष्पक्ष चुनावों को सुनिश्चित करती है, जबकि न्यायपालिका कानून के पालन और असंतोष की निगरानी के लिए एक स्थिर तंत्र प्रदान करती है। इन संस्थाओं की मजबूती के कारण भारत में सरकारों की अस्थिरता लंबे समय तक नहीं टिकती। सामाजिक और आर्थिक विविधता भारत में अत्यधिक है। भाषाई,जातीय,धार्मिक और सांस्कृतिक विविधताएँ कभी-कभी छोटे-मोटे राज्य स्तरीय तनाव का कारण बन सकती हैं। उदाहरण स्वरूप, किसान आंदोलन, नागरिकता संशोधन कानून के विरोध और क्षेत्रीय आंदोलन यह दिखाते हैं कि असंतोष हमेशा मौजूद रहता है किंतु उसके समाधान तथा सुधारने के लिए मजबूत शासन तंत्र भारत के पास मौजूद है तो यह कोई बड़ी चिंता का विषय नहीं है और भारत का संघीय ढांचा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया इन संघर्षों को नियंत्रित करती हैं। संवैधानिक अधिकार और राज्यों तथा केंद्र के बीच संतुलन व्यापक स्थिरता बनाए रखते हैं। आर्थिक असमानता और बेरोज़गारी विरोध उत्पन्न कर सकती हैं, लेकिन ये आम तौर पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के भीतर ही सीमित रहते हैं और व्यापक अराजकता का रूप नहीं लेते।अंतरराष्ट्रीय प्रभाव और भू-राजनीति भी किसी देश की स्थिरता पर असर डाल सकते हैं। नेपाल की अराजकता में पड़ोसी देशों का प्रभाव रहा,लेकिन भारत,एक बड़ा और सशक्त देश होने के नाते,अपनी स्वतंत्र विदेश नीति और मजबूत सुरक्षा तंत्र के कारण विदेशी हस्तक्षेप से अपेक्षाकृत सुरक्षित है। भारत की सैन्य क्षमता,आंतरिक सुरक्षा तंत्र और कूटनीतिक भूमिका देश की स्थिरता बनाए रखने में निर्णायक हैं। आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से भारत की स्थिति भी नेपाल से भिन्न है। भारत की बड़ी अर्थव्यवस्था,रोजगार के अवसर,सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ और समृद्धि के प्रयास असंतोष को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। मीडिया,नागरिक समाज और संस्थागत निगरानी तंत्र लोकतंत्र में पारदर्शिता बनाए रखते हैं। इन सभी कारकों के कारण भारत व्यापक रूप से स्थिर बना रहता है और नेपाल जैसी राजनीतिक अराजकता से बचा रहता है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत में नेपाल जैसी अराजकता की संभावना बहुत कम है। मजबूत संवैधानिक ढांचा, स्वतंत्र संस्थाएँ, लोकतांत्रिक प्रक्रिया, संघीय संतुलन और आर्थिक-सामाजिक तंत्र इसे सुरक्षित रखते हैं।

# बदला हुआ भारत:क्रिकेट और आत्मसम्मान का नया अध्याय



डॉ. प्रियंका सौरभ

एशिया कप 2025 का अंतिम मुकाबला केवल क्रिकेट का रोमांचक खेल नहीं था। यह खेल से कहीं अधिक एक कूटनीतिक और सांस्कृतिक संदेश बनकर उभरा। भारत ने पाकिस्तान को न सिर्फ़ मैदान पर हराया बल्कि मैच के बाद की औपचारिकताओं में भी ऐसा रुख़ अपनाया जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींच लिया। भारतीय खिलाड़ियों ने एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष, जो पाकिस्तान से हैं,से ट्रॉफी स्वीकार करने से साफ़ इनकार कर दिया। परिणाम यह हुआ कि पुरस्कार वितरण समारोह घंटों तक खिंचता रहा और अंततः अधूरा रह गया। यह घटना भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। सवाल केवल इतना नहीं है कि ट्रॉफी किसने थामी, बल्कि यह कि भारत ने यह कदम क्यों उठाया और इसके परिणाम क्या हैं।

क्रिकेट को अक्सर जेंटलमैन का खेल कहा जाता है, लेकिन भारत और पाकिस्तान के संदर्भ में यह खेल कभी केवल खेल नहीं रहा। यह दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव, सांस्कृतिक टकराव और राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक बन चुका है। जब भारतीय खिलाड़ियों ने ट्रॉफी लेने से इनकार किया,तो यह स्पष्ट संदेश था कि मैदान की जीत से आगे बढ़कर भारत अपने आत्मसम्मान को सर्वोपरि मानता है। एक तरह से यह खेल और कूटनीति का उल्टा रूप था। जहाँ खेल को आमतौर पर राजनीति को नरम करने का साधन माना जाता है,वहीं भारत ने खेल का मंच उपयोग करके राजनीतिक संदेश दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बार-बार यह दावा किया गया है कि भारत अब झुकता नहीं,बल्कि अपनी शर्तें तय करता है। इस संदर्भ में टीम इंडिया का रुख़ उसी मानसिकता का विस्तार माना जा रहा है। भारत के लिए ट्रॉफी लेना केवल एक औपचारिकता था, लेकिन जब देने वाला वही देश हो जिससे लगातार आतंकवाद, घुसपैठ और सीमा पर तनाव चलता रहा है, तो उस औपचारिकता का महत्व बदल जाता है। यह नया भारत केवल आर्थिक और सैन्य शक्ति की भाषा में नहीं बोलता,बल्कि खेल के मंच पर भी राजनीतिक संदेश देने में पीछे नहीं है। इसके साथ ही घरेलू राजनीति में भी इस घटना का गहरा असर पड़ा। समर्थक वर्ग इसे मोदी युग का साहसिक कदम बता रहा है,जबकि विपक्ष इसे खेल भावना पर चोट मानता है। हालांकि जनता में इसे व्यापक रूप से आत्मगौरव की जीत के रूप में देखा गया। हर साहसिक कदम के साथ आलोचना भी जुड़ती है। भारत के इस रुख़ को लेकर कई सवाल उठे। आलोचकों का कहना है कि क्रिकेट का मूल उद्देश्य देशों के बीच दोस्ती और सौहार्द बढ़ाना है। जब आप ट्रॉफी लेने से इनकार करते हैं,तो आप खेल की आत्मा पर चोट करते हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने इस घटना पर मिला-जुला रुख़ अपनाया। कुछ ने इसे भारत की दबदबा दिखाने की नीति कहा, तो कुछ ने इसे अहंकार बताया। सवाल यह है कि क्या इससे भारत की नरम शक्ति को नुकसान होगा। साथ ही यह भी बहस छिड़ी कि क्या खिलाड़ियों ने यह कदम अपनी इच्छा से उठाया या बोर्ड और सरकार के दबाव में अगर खिलाड़ी राजनीतिक निर्णयों में केवल मोहरे बन जाएँ, तो उनकी स्वतंत्रता और खेल की पवित्रता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट में विवाद कोई नई बात नहीं है। 1987 में जब पाकिस्तान के राष्ट्रपति जयपुर टेस्ट देखने आए थे, तब इसे क्रिकेट कूटनीति कहा गया। 1999 में कारगिल युद्ध से पहले चेन्नई टेस्ट में पाकिस्तान की जीत और उसके बाद की राजनीतिक हलचल को भी आज तक याद किया जाता है। 2008 में मुंबई हमलों के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला हमेशा के लिए रोक दी। 2023 में एशिया कप को लेकर स्थान विवाद खड़ा हुआ, जहाँ भारत ने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया और अंततः प्रतियोगिता संयुक्त रूप में आयोजित हुई। इन घटनाओं की पृष्ठभूमि में देखें तो 2025 की घटना कोई अलग-थलग घटना नहीं, बल्कि उसी लंबे सिलसिले का हिस्सा है जहाँ क्रिकेट हमेशा राजनीति के साए में खेला गया।

इस घटना के दूरगामी परिणाम भी हो सकते हैं। एशियाई क्रिकेट परिषद का मुख्यालय भले ही दुबई में है, लेकिन पाकिस्तान लंबे समय से इसमें प्रभाव बढ़ाने की कोशिश करता रहा है। भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि उसकी सहमति के बिना कोई ढांचा नहीं चल सकता। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद तटस्थता का दावा करती है, लेकिन अगर बड़ी टीमों में से एक यानी भारत इस तरह के कदम उठाकर राजनीतिक संदेश देती है, तो परिषद को मजबूरी में अपना रुख़ तय करना होगा। बांग्लादेश,श्रीलंका और अफगानिस्तान जैसी टीमें इस खींचतान के बीच कहाँ खड़ी होंगी, यह भी देखने वाली बात है। भारत का दबाव इन्हें प्रभावित करेगा, लेकिन लंबे समय में यह क्षेत्रीय सहयोग को कमजोर कर सकता है। भारत का यह रुख़ निश्चित रूप से नए भारत का प्रतीक है। यह भारत का वह चेहरा है जो आत्मगौरव को सर्वोपरि मानता है और औपचारिकता या परंपरा को उसके आगे झुका देता है। लेकिन इसी के साथ यह भी सच है कि खेल की आत्मा को राजनीति से बहुत अधिक जोड़ना कभी-कभी नुकसानदेह भी हो सकता है। क्या भारत ने सही किया? समर्थकों के लिए जवाब सीधा है– हाँ, क्योंकि यह आत्मसम्मान का सवाल था।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटाराअम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

## कसम से मैं दोबारा ऐसा नहीं करूंगा... यह कहकर आरक्षक ने छात्रा से किया रेप, पुलिस ने भी नहीं लिखी एफआईआर तो..



-संवाददाता-
बलरामपुर,29 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें पुलिस लाइन में तैनात आरक्षक पर कॉलेज की छात्रा से दुष्कर्म का आरोप है। जानकारी के अनुसार,पीड़िता जशपुर जिले के बगीचा थाना क्षेत्र की 21 वर्षीय छात्रा है, जो बलरामपुर में अपने रिश्तेदार के घर रहकर बीए फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही थी। रिश्तेदार भी बलरामपुर पुलिस में कार्यरत हैं।

**क्या है पूरा मामला...**22 फरवरी 2025 को,जब छात्रा के रिश्तेदार ड्यूटी पर थे, तब पुलिस लाइन में तैनात आरक्षक सत्येंद्र पाठक ने छात्रा के कमरे में प्रवेश किया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता ने अपने रिश्तेदारों को पूरी जानकारी दी। आरोपित आरक्षक ने कसम खाकर आश्वासन दिया कि वह फिर ऐसी हरकत नहीं करेगा और परिजनों को मामले को दबाने के लिए राजी कर लिया। लेकिन उसकी नियत नहीं बदली। लगभग दो सप्ताह बाद, जब छात्रा अकेली थी, आरक्षक ने उसे स्कूटी पर बैठाकर अपने क्वार्टर ले जाकर फिर से रेप किया। इस दौरान उसने पीड़िता को धमकी दी कि यदि किसी को कुछ बताया तो जान से मार देगा। डर और शोषण के कारण छात्रा को पढ़ाई छोड़नी पड़ी और घर लौटना पड़ा।

### पीड़िता ने बताई आपबीती

आरक्षक की हरकतों से परेशान होकर पीड़िता ने इस घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। पीड़िता की आपबीती सुनकर परिजन बलरामपुर थाने में शिकायत कराने पहुंचे, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बाद पीड़िता ने सरगुजा आईजी से शिकायत की। आईजी के निर्देश पर जशपुर जिले की बगीचा पुलिस ने 22 सितंबर 2025 को आरक्षक सत्येंद्र पाठक के खिलाफ धारा 332 (ख) और 64 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर केस डायरी बलरामपुर कोतवाली को भेज दी।फिलाहल बलरामपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गर्लफ्रेंड से मिलने आधी रात पहुंचे युवक की डंडे से हुई थी बेदम पिटाई,बांध दिए थे हाथ,वीडियो हुआ था वायरल,2 गिरफ्तार

-संवाददाता-
बलरामपुर,29 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।



बलरामपुर जिले के चलगली थाना अंतर्गत गांव में 24 सितंबर की रात एक युवक को तालिबानी सजा दी गई थी। उसके हाथ बांधकर एक युवक ने उसे पकड़ रखा था,जबकि दूसरा उसपर डंडे बरसा रहा था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस मामले में घायल युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने 2 आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरअसल युवक अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा था। इस दौरान वह पकड़ा गया था। बलरामपुर जिले के चलगली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुरका निवासी सुभय आयाम पिता इंदल 22 वर्ष 24 सितंबर की रात अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर ग्राम अलका पहुंचा था। इस दौरान परिजनों ने उसे पकड़ लिया और उसके हाथ बांध दिए। फिर गांव के सरपंच लहन सिंह धुर्वे 46 वर्ष ने डंडे से उसकी बेदम पिटाई की। इस दौरान 30 वर्षीय युवक रामरूप ने हाथ से बांधी रस्सी को पकड़ रखा था, ताकि वह भाग न सके। मौके पर आधा दर्जन से अधिक महिला और पुरुष मौजूद थे।

**प्रेमिका बोलती रही, मत मारिए :** प्रेमी को बेरहमी से पिटते देख प्रेमिका बीच-बचाव कर रही थी। वह कहती रही कि मत मारिए,मत मारिए। लेकिन वे उस पर डंडे से प्रहार करते रहे। यही नहीं, प्रेमिका को भी डंडे से पीटा। मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसका वीडियो वहां मौजूद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# महान क्रांतिकारी जतरा टाना भगत ने जनजातीय समाज में सामाजिक,धार्मिक चेतना का संचार किया : चिंतामणि महाराज

## जतरा टाना भगत का जयंती समारोह संत गहिरा गुरु आश्रम में मनाया गया





-संवाददाता-
अंबिकापुर,29 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
जनजाति गौरव युवा समाज अंबिकापुर सरगुजा द्वारा जतरा टाना भगत जी का जयंती भाथूपारा में स्थित संत गहिरा गुरु आश्रम,मणिपुर में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज ने कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जतरा टाना भगत ने जनजातीय समाज में स्वाधीनता का अलख जगाया ही साथ में सामाजिक, धार्मिक चेतना का संचार किया। उनके योगदान एवं बलिदान से समाज को प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उरांव समाज के इतिहास एवं संस्कृति के बारे में बताते हुए रोहतासगढ़ किला, कुड़ुख बोली, समाज के आयोजनों में गाए जाने वाले गीतों में लय एवं स्वर से भावनाओं के प्रगटीकरण को भी उल्लेखित किया। जनजाति गौरव युवा समाज प्रदेश अध्यक्ष इन्दर भगत ने कहा कि जतरा भगत ने समाज को संगठित करके जनजातीय समाज में अंग्रेजों के अत्याचार और शोषण के खिलाफ आवाज उठाकर असहयोग आंदोलन की शुरुआत किए, उन्होंने घोषणा किया मालगुजारी नहीं देंगे, बेगारी नहीं करेंगे और कर नहीं देंगे। उन्होंने महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन से भी बहुत पहले इस आंदोलन का बिगुल फूंककर सामाजिक एकजुटता करते हुए देशभक्ति का संचार किया। यह एक सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलन भी था। इस जयंती समारोह में पार्षद सालेम केरकेट्टा, जनजाति गौरव युवा समाज जिला उपाध्यक्ष सचिन भगत, डॉ गोकरण प्रताप सिंह, यदुवंश केरकेट्टा, चमन राम, अवधेश केरकेट्टा, उमेश किस्पोट्टा, खुशबु एक्का, संदीप भगत, अरुण भगत, अमरनाथ, सबीना, ममता, गुडन, शीला, मोहरमणि, आशा, लक्ष्मी दास, आरती, सीमा, रेखा, हेमा उरांव, सौम्या भगत, कमील लकडा, सुभाष लकडा,जयप्रकाश,पंच राम मुंडा, दिनेश, सेवक राम, रामसेवक, कमलेश, कुबेर पाल,चुनमुन मिंज,शंकर मिंज, आशीष कुमार,रामदेव भगत,भोला भगत, चांगुड कुजूर, दीपक केरकेट्टा, कविता भगत, सीमा एक्का, सोना राम, संतोष एक्का आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले मे आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

### नाबालिग सम्बन्धी मामलो मे पुलिस टीम द्वारा की जा रही लगातार सख्त कार्यवाही


-संवाददाता-
अंबिकापुर,29 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
मामले के संबंध में प्रार्थिया के द्वारा दिनांक 10/07/25 को थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि घुटरापारा अंबिकापुर निवासी आदित्य सोनकर द्वारा प्रार्थिया की नाबालिग लड़की को पसंद करने की बात बोलते हुए शादी करने का झांसा देकर बहला फुसला कर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया है एवं पीड़िता का आपत्तिजनक वीडियो वायरल किया है,मामले मे प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 458/25 धारा 376(2)(ढ) भा. द. वि.पॉस्को एक्ट की



धारा 4,6 एवं आईटी एक्ट की धारा 67(ए) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा पीड़िता का कथन लेखबद्ध कर मामले के आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था,पुलिस टीम के सतत प्रयास से मामले के आरोपी आदित्य सोनकर को महाराष्ट्र से पकड़कर हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया, जो आरोपी द्वारा अपना नाम आदित्य सोनकर आत्मज शिवशंकर सोनकर उम्र 26 वर्ष साकिन विलक्षण कॉलोनी घुटरापारा अंबिकापुर का होना बताया,आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया,आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त मोबाइल मय सिम जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से प्रकरण मे आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार,उप निरीक्षक रम्भा साहू, उप निरीक्षक नवल दुबे, सहायक उप निरीक्षक अभिषेक दुबे, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह आरक्षक अतुल शर्मा, मंटू गुप्ता, शिव राजवाड़े सक्रिय रहे।

## ड्यूटी पर शराब के नशे में धुत आरक्षक सस्पेंड,डीआईजी/एसएसपी की दो टूक,अनुशासन तोड़ा तो खैर नहीं...

-संवाददाता-
सूरजपुर,29 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।




डीआईजी/एसएसपी आईपीएस प्रशांत कुमार ठाकुर ने अनुशासनहीनता पर कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक विकास तिग्गा को ड्यूटी के दौरान शराब पीने के आरोप में तत्काल निलंबित कर दिया। रक्षित निरीक्षक सूरजपुर की रिपोर्ट के आधार पर जिला चिकित्सालय में आरक्षक की मेडिकल जांच कराई गई, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई। इसके बाद डीआईजी/एसएसपी ने आरक्षक को निलंबित कर रक्षित केंद्र सूरजपुर से संबद्ध कर दिया। डीआईजी/एसएसपी ने साफ चेतावनी दी है कि पुलिस विभाग में किसी भी तरह की लापरवाही या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा,लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी,जबकि उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

## सड़क मरम्मत की मांग को लेकर नगरवासियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

-संवाददाता-
बलरामपुर,29 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
नेशनल हाईवे 343 पर बड़े-बड़े गड्ढे और जर्जर सड़क से रोग होने वाली दुर्घटनाओं से परेशान नागरिकों ने आज राजपुर एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर 5 अक्टूबर तक सड़क निर्माण की मांग की है यदि इस दौरान सड़क सुधार एवं निर्माण नहीं किया जाता तो राजपुर के नागरिक 6 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन और चक्का जाम करेंगे। राजपुर नगर के जन प्रतिनिधियों के साथ नागरिकों ने एसडीएम राजपुर को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया हैं कि राष्ट्रीय राजमार्ग एन.एच. 343 मेन रोड राजपुर शहर से होकर गुजरती है किंतु उक्त रोड में विभिन्न स्थानों पर बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो जाने से आये दिन





दुर्घटनाएँ हो रही है। बरसात होने के कारण उक्त गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे आम जनता,स्कूली बच्चे,व्यापारी तथा वाहन चालक सभी परेशानी का सामना कर रहे हैं। इस जर्जर सड़क के कारण आये दिन जनहानि एवं धन हानि हो रही है एवं क्षेत्र के व्यापार पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है साथ ही साथ पूरे शहर की सड़कों में होने वाली धूल से हो रही परेशानियों से आम जनता ग्रस्त है एवं अन्य नयी-नयी एलर्जी,खांसी जैसी बिमारियों हो रही हैं ज्ञापन के माध्यम से नागरिकों ने मांग किया हैं कि दिनांक 05/10/2025 तक रोड रिपेयरिंग एवं सेटिंग कोट (डामरीकरण) का कार्य पूर्ण कर उपरोक्त समस्या का निवारण करें अन्यथा दिनांक 05/10/2025 तक यदि उक्त स्थिति में सूधार नहीं किया जाता है तो दिनांक 06/10/2025 से एन.एच. 343 मेन रोड राजपुर में अनिश्चितकालीन चक्का जाम एवं धरना प्रदर्शन नगरवासियों द्वारा किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग अथवा प्रशासन की होगी ज्ञापन सौंपने के दौरान राजपुर के पार्षद सहित दर्जनों नागरिक उपस्थित थे। नगरिकों ने ज्ञापन की प्रति केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री भारत सरकार, कलेक्टर बलरामपुर,कार्यपालन अभियंता राष्ट्रीय राज्य मार्ग, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं थाना प्रभारी राजपुर को प्रेषित किया है।

# माइक्रोफाइनेंस कंपनी में काम करने वाली युवती से दुष्कर्म,दुष्कर्म पीड़िता ने बच्ची को दिया जन्म

## उसी कंपनी में काम करने वाले आरोपी युवक ने शादी करने का झांसा देकर अपराध को दिया अंजाम,आरोपी को आनंदनगर,भोपाल से पकड़ लाई पुलिस,गिरफ्तार कर भेजा जेल

-संवाददाता-
जशपुर,29 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
जशपुर जिले के कुनकुरी में एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी में काम करने वाली युवती जो कुनकुरी में किराए के मकान में रहती थी, उसके साथ उसी काम करने वाले आरोपी युवक मनोज कुमार पांडे उम्र 44 वर्ष जो बराकाला रघुराज नगर सतना मध्य प्रदेश का रहने वाला है। इस युवक ने पहले तो पीड़ित युवती को शादी करने का भरोसा देकर उसके साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा और जब पीड़िता गर्भवती हो गई तो शादी से इनकार कर कुनकुरी छोड़कर फरार हो गया पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी मनोज कुमार पांडे के विरुद्ध बीएनएस की धारा 69 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर जशपुर ले आई और जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना नारायणपुर जिला जशपुर क्षेत्रांतर्गत एक 24 वर्षीय युवती जो कि वर्तमान में जिला राजनांदगांव में निवासरत है, ने थाना सिटी कोतवाली राजनांदगांव में दिनांक 19.08.25 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वर्ष 2024में वह कुनकुरी, जिला जशपुर में एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी में काम करती थी व कुनकुरी में ही एक घर में किराएदार के रूप में रहती थी, आरोपी मनोज कुमार पांडे भी उसी कंपनी में काम करता था, आरोपी



मनोज,प्रार्थिया के कुछ ऑफिशियल कामों में मदद कर दिया करता था, इसी दौरान दोनों में जान पहचान बढ़ गई थी,आरोपी मनोज कुमार पांडे, प्रार्थिया से शादी करूंगा कह कर विश्वास दिलाता था,जिससे दोनों में प्रेम संबंध स्थापित हो गया। प्रेम संबंध के दौरान ही दिनांक 07 .03.2024 को रात्रि लगभग 11.00 बजे,आरोपी मनोज कुमार पांडे पहली बार प्रार्थिया के किराए के मकान में आया व वह शादी का झांसा देकर,प्रार्थिया से दुष्कर्म किया। तब से आए दिन आरोपी मनोज,प्रार्थिया के किराए के मकान में आने जाने लगा व प्रार्थिया से दुष्कर्म करता था, प्रार्थिया के द्वारा जब शादी हेतु कहा जाता था, तब आरोपी मनोज कहता था कि, अभी लिव इन में रहते हैं, बाद में शादी करेंगे।, इसी दौरान प्रार्थिया गर्भवती हो गई, और शादी के लिए दबाव बनाने पर,आरोपी मनोज के द्वारा एक मंदिर में ले जाकर,प्रार्थिया को सिंदूर लगा दिया गया था। और दोनों साथ में रहते थे। आरोपी मनोज कुमार पांडे,जनवरी 2025 में कुनकुरी की जॉब को छोड़कर राजनांदगांव चला गया,वहां एक मिल में काम करता था, दोनों के मध्य फोन से बातचीत होती रहती थी।

जब प्रार्थिया के द्वारा अपनी डिलीवरी के संबंध में आरोपी मनोज को बोला गया, तब मनोज प्रार्थिया को अपने पास राजनांदगांव बुला लिया और वही मिल के पास एक किराए के मकान में रखा था। दिनांक 19.04.25 को प्रार्थिया ने राजनांदगांव के शासकीय हॉस्पिटल में एक पुत्री को जन्म दिया व हॉस्पिटल के दस्तावेजों में पति के नाम में आरोपी मनोज कुमार पांडे ने ही हस्ताक्षर किए हैं।

### पहले से शादी शुदा है आरोपी

डिलीवरी के बाद प्रार्थिया राजनांदगांव में ही आरोपी के साथ किराए का मकान में रह रही थी कि दिनांक 08.05.25 को आरोपी मनोज कुमार पांडे, प्रार्थिया व बच्ची को छोड़कर चला गया। बाद में प्रार्थिया को मालूम चला कि आरोपी मनोज कुमार पांडे, पहले से ही शादी शुदा है, आरोपी मनोज कुमार पांडे के साथ, प्रार्थिया ने कई बार संपर्क करने की कोशिश की, परंतु आरोपी मनोज के द्वारा प्रार्थिया के का कोई जवाब नहीं दिया जाता है, उसके द्वारा किराए के मकान का भी पैसा नहीं दिया गया है, प्रार्थिया जीवन यापन हेतु अत्यंत कठिनाई का सामना कर रही है, व मानसिक रूप से प्रताड़ित है। आरोपी मनोज कुमार पांडे के द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया गया है, व गर्भवती होने पर, पुत्री के जन्म के बाद दोनों को छोड़कर फरार हो गया।

**राजनांदगांव से से जशपुर पुलिस को भेजा गया मामला :** प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली राजनांदगांव में आरोपी मनोज कुमार पांडे के विरुद्ध बीएनएस की धारा 69 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए, जीरो में मामला कायम कर,घटना थाना कुनकुरी जिला जशपुर क्षेत्रांतर्गत होने से, जांच विवेचना हेतु जशपुर भेजा गया था। मामले में अजाक थाना जशपुर के द्वारा जांच विवेचना की जा रही थी। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि जशपुर पुलिस महिलाओं से संबंधित अपराध को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। एक युवती से शादी का झांसा देकर, दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी को आनंद नगर भोपाल से हिरासत में ले कर लाया है, व विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।

## महिला उत्पीड़न के दो मामले मे शामिल आरोपी सिहोर मध्यप्रदेश से गिरफ्तार

### थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मामले मे आरोपी के विरुद्ध की गई कार्यवाही... आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त मोबाइल मय सिम किया गया जप्त

-संवाददाता-
अंबिकापुर,29 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
थाना कोतवाली अंतर्गत दर्ज दो मामलों का संछिप्त विवरण इस प्रकार है कि पहले मामले मे प्रार्थिया द्वारा थाना कोतवाली आकर अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि अज्ञात मोबाइल नंबर धारक द्वारा प्रार्थिया के सोशल मीडिया ऐप को हैक कर प्रार्थिया का फोटो लेकर एडिट कर आपत्तिजनक फोटो अपलोड किया गया है, एवं उक्त फोटो को वायरल करने की भी धमकी दिया गया है,पीड़िता के रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 515/25 धारा 67(ए) आई. टी. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया,दूसरे मामले मे प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि अज्ञात मोबाइल नंबर धारक द्वारा प्रार्थिया के सोशल मीडिया ऐप को हैक कर प्रार्थिया का फोटो लेकर एडिट कर आपत्तिजनक



फोटो अपलोड करने की धमकी दिया जा रहा है, पीड़िता के रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 408/25 धारा 67(ए) आई. टी. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया, प्रकरण सदर के विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा दोनों मामलो के प्रार्थिया एवं गवाहों का कथन दर्ज किया जाकर सायबर सेल से तकनिकी जानकारी प्राप्त कर दोनों प्रकरण के आरोपी का पता तलाश किया जाकर आरोपी विजय मेवाडे पिता प्रभु लाल मेवाडे उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम अरनिया सुल्तानपुर थाना अहमदपुर जिला सिहोर मध्यप्रदेश को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ किया गया, जो आरोपी द्वारा घटना कारित किया जाना स्वीकार करते हुवे घटना मे प्रयुक्त मोबाईल मय सीम को पेश करने पर जप्त किया गया है। प्रकरण के आरोपी के खिलाफ सदर धारा का अपराध घटित करना सबुत पाये जाने से प्रकरण मे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता है। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार,निरीक्षक राजेश खलखो,सहायक उप निरीक्षक वीरेंद्र कुजूर आरक्षक अतुल सिंह, अशोक यादव शिव राजवाड़े मंटू गुप्ता सक्रिय रहे।

CMYK

# कहा से आ रहा आरटीओ विभाग के उप निरीक्षक आसांभर के पास इतना पैसा की पत्नी के नाम खरीदा जा रहा है बेशकीमती जमीन ?

- आरटीओ विभाग में उप निरीक्षक आसांभर कौन है,जो पत्नी के नाम पर खरीदी कई करोड़ की जमीन,क्या आरटीओ विभाग है नोट छापने की मशीन ?
- तीन करोड़ में एक माह पहले बिक्री हुई जमीन को छह करोड़ में खरीदना किसी आम व्यक्ति के बस का नहीं : सूत्र
- राजधानी,सरगुजा मुख्यालय,सहित अन्य जगह भी आरटीओ उप निरीक्षक की पत्नी के नाम पर खरीदी गई है बेशकीमती जमीन : सूत्र




## उत्तरप्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य सीमा चेकपोस्ट पर तैनात है आरटीओ उप निरीक्षक,क्या वहां वह कर रहा है धांधली?

### कहां से आ रहा इतना पैसा की खरीदा जा रहा है बेशकीमती जमीन ?

-न्यूज डेस्क-
बलरामपुर/रामानुजगंज,29 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
आरटीओ विभाग में क्या इतनी ऊपरी कमाई है कि कोई कर्मचारी कम समय में कई करोड़ों का आसामी बन सकता है? ऐसा प्रश्न इसलिए खड़ा हो रहा है क्योंकि आरटीओ विभाग में आरक्षक पद से भर्ती हुए वर्तमान में उप निरीक्षक पद पर पदस्थ उत्तरप्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य सीमा चेकपोस्ट धनवार पर कार्यरत कर्मचारी ने कम समय की नौकरी में कई करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर ली है जो जानकारी बतौर सामने आई है,उप निरीक्षक ने यह संपत्ति अपनी पत्नी के नाम पर खरीदी है और बताया जाता है सूत्रों द्वारा की यह मात्र प्रारंभिक जानकारी है सूत्रों के अनुसार संपत्ति और अधिक भी हो सकती है जिसमें चल अचल नकद संपत्तियां शामिल मिल जाएंगी, आरटीओ उप निरीक्षक की पत्नी भी क्या किसी शासकीय विभाग में कार्यरत हैं या किसी बड़े व्यापार का वह संचालन करती हैं? ऐसी कोई स्पष्ट जानकारी सूत्रों द्वारा तो नहीं बताई जा रही है,सूत्रों के अनुसार वह गृहणी मात्र हैं ऐसे में सवाल यह उठता है कि करोड़ों की चल अचल संपतियों का अर्जन आरटीओ उप निरीक्षक इतने जल्द समय में कैसे कर ले गए और यह कैसे इतने कम समय में संभव हो सका?

बताया जाता है कि हाल ही में आरटीओ उप निरीक्षक ने कोरिया जिले के पटना तहसील क्षेत्र के ग्राम महोरा में 6 करोड़ की बेशकीमती जमीन खरीदी है और यह जमीन कागजों में भले कम दाम पर खरीदी जानी बताई गई है लेकिन इसकी खरीदी 6 करोड़ की लागत में हुई है, यह जमीन राष्ट्रीय राज्यमार्ग से लगी हुई है और इस जमीन की खरीदी बिक्री दो माह से भी कम समय में दो बार हुई है,जमीन पहले विवादित थी मुकदमा चला और जीतने वाले ने जब कब्जा लेना चाहा तब जमीन को लेकर खूनी संघर्ष की स्थिति बनी वहीं जमीन राष्ट्रीय राज्यमार्ग से लगी होने के कारण वह भी 9 एकड़ के लगभग जमीन होने के कारण जमीन की कीमत असमान छूने वाली थी, इसलिए इस जमीन पर विवाद देखा गया, विवाद के निपटारे के लिए बताया जाता है कि जमीन को पहले एक भूमाफिया ने पहले अपने अधिकार में लिया और जब वह सभी पक्षों को संतुष्ट कर कब्जा करने में सफल हो गया जिसके बाद जमीन आरटीओ उप निरीक्षक को मिल सकी। इस जमीन के लिए 6 करोड़ जैसी बड़ी रकम नकद चुकाई गई भले ही इससे बहुत कम की राशि रजिस्ट्री में दर्शाई गई।

#### तीन करोड़ में बिकी थी कोरिया जिले की जमीन,एक माह में ही 6 करोड़ देकर आरटीओ उप निरीक्षक ने जमीन पत्नी के नाम किया

सूत्रों की माने तो कोरिया जिले की एक जमीन हाल ही में 3 करोड़ में बिकी थी,जमीन विवादित थी फैसले के बाद कब्जा मुकदमा जितने वाला नहीं कर पा रहा था वहीं जमीन आरटीओ उप निरीक्षक को पसंद थी जो बताया जा रहा है वहीं जमीन तब एक भूमाफिया को लेनी पड़ी जिसने दोगुने कीमत पर पुनः जमीन आरटीओ उप निरीक्षक की पत्नी के नाम की जो पहले से ही तय सौदा था। बताया जाता है कि 6 करोड़ में जमीन खरीदी गई और नामांतरण और अन्य कागजी कार्यवाही इतनी तेजी से हुआ कि किसी को कानों कान हवा तक नहीं लगी। आरटीओ उप निरीक्षक ने उक्त जमीन अपनी पत्नी के नाम से खरीदी है ऐसा दावा है। इस जमीन के कीमत की बात करें तो पहले इस जमीन को लेकर कई सौदे हुए लेकिन बोली लगाने आने वालों ने विवाद सुनकर जमीन से किनारा किया वहीं तब जमीन में एक भूमाफिया की एंट्री हुई जो प्रायोजित एंट्री बताई जा रही है जिसने जमीन ली और फिर 3 करोड़ में ली गई जमीन को उसने 6 करोड़ में आरटीओ उप निरीक्षक की पत्नी के नाम कर दिया।

#### क्या आरटीओ विभाग के उप निरीक्षक महंगी जमीनों के शौकिन है?

वैसे शासकीय विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर है और सुशासन जैसा विषय भ्रष्टाचार मामले में लागू नजर नहीं आता वहीं यदि सतर्कता विभाग को लेकर बात की जाए तो वह भी चीर निद्रा में लीन है वह सोया हुआ है जिससे आज संपति अर्जित करने के मामले में शासकीय कर्मचारियों ने बड़े बड़े व्यवसायियों को भी पछाड़ दिया है। आरटीओ उप निरीक्षक जिसने कुछ समय में ही बहुत बड़ी और बेशकीमती संपत्ति अपनी पत्नी के नाम से खरीदी है उनके विषय में उनके ही एक विभाग के कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बतलाया कि साहब के जलवे विभाग से भी हैं और बाहर से भी हैं वह किसी शहर को ही खरीदने की हैसियत रखते हैं बस उन्हें मौके की तलाश रहती है और वह मौके की तलाश में रहते भी हैं। महंगी जमीनों का उनका शौक ऐसा होना बताया जाता है कि किसी भी जमीन के मामले में वह दुगने की बोली लगाते हैं जिसके बाद अन्य बोली लगाने वाले चुपचाप चले जाते हैं और ऐसा ही कोरिया जिले की जमीन खरीदी का मामला है जहां एक माह में ही दुगनी बोली लगाकर उन्होंने जमीन अपनी पत्नी के नाम कर ली।

#### रायपुर के मोवा में,अंबिकापुर के फुन्दुरडिहारी में और अंबिकापुर के ही भगवानपुर में भी अपनी पत्नी के नाम पर महंगी जमीन खरीदी कहा से आया पैसा?

बताया जाता है कि आरटीओ उप निरीक्षक यह बेशकीमती जमीन अपनी पत्नी के नाम ले सकें इसलिए ही पहले इस विवादित जमीन में भूमाफिया की एंट्री हुई और बाद में जमीन आरटीओ उप निरीक्षक को मुंह मांगे दाम देने पर मिल सकी। आरटीओ उप निरीक्षक के द्वारा यह कोई पहली जमीन खरीदी गई ऐसा नहीं है,सूत्रों के अनुसार वह लगातार बेशकीमती जमीन खरीदते जा रहे हैं जो उनकी पत्नी के नाम पर वह खरीद रहे हैं। रायपुर के मोवा में अंबिकापुर के फुन्दुरडिहारी में और अंबिकापुर के ही भगवानपुर में भी इन्होंने अपनी पत्नी के नाम पर महंगी जमीन खरीदी है यह सूत्रों के द्वारा दी जा रही जानकारी है,वहीं सूत्रों के अनुसार यदि पूरी सच्चाई यदि सामने आएगी लोग अचंभित हो जायेंगे की किस तरह आरटीओ बैरियर पर कार्यरत एक उप निरीक्षक जल्द अरबपति बनने की तैयारी कर रहा है, अब तक जो जमीन खरीदी गई है आरटीओ उप निरीक्षक की पत्नी के नाम से उसकी कीमत ही कई करोड़ों में है और यह सभी जमीन कम दाम पर खरीदी दर्शा कर खरीदी गई है। वैसे अभी कोरिया जिले में ही कई अन्य जमीनों का सौदा होने वाला है यह भी बतलाया जा रहा है जो कभी भी आरटीओ उप निरीक्षक की पत्नी के नाम पर दर्ज हो सकती है। कम समय में वह भी शासकीय नौकरी में रहते हुए इतनी संपत्ति वेतन मात्र से अर्जित कर पाना नामुमकिन है इसके लिए कई अन्य रास्ते तय किए गए हैं ऐसा सूत्रों का कहना है।



#### कोरिया जिले की महोरा की जमीन 6 करोड़ में खरीदने की जानकारी के बाद आरटीओ उप निरीक्षक का नाम सामने आया

कोरिया जिले के महोरा ग्राम की जमीन 6 करोड़ में बिकी यह जानकारी जब सामने आई तब यह जानने लोग उत्साहित नजर आए कि आखिर किसने एक माह में ही जमीन की दोगुनी कीमत देकर जमीन खरीद ली,जमीन 3 करोड़ में पहले एक माह बिकी और जब दोबारा सौदा 6 करोड़ में हुआ लोगों को आश्चर्य हुआ और वह खरीदने वाले का नाम जानने आतुर हुए,बताया जाता है कि यही आतुरता आरटीओ उप निरीक्षक तक की पहचान जानने कारगर हुई,एक आरटीओ उप निरीक्षक इतना बड़ा आसामी होगा लोगों ने सोचा नहीं था और जब आरटीओ उप निरीक्षक के बारे में लोगों ने और अधिक पता करने का प्रयास किया तो यही पाया कि वह किसी बड़े शहर को भी खरीदने का माद्दा रखता है,वैसे यह जानकारी सूत्रों द्वारा प्रदान की गई जानकारी है।

#### क्या आरटीओ विभाग और राज्य सीमा बैरियर पर है अथाह कमाई,क्या राज्य सीमा पर अवैध तस्करी से भी होती है कमाई?

एक आरटीओ उप निरीक्षक की पत्नी के नाम से कई करोड़ों की जमीन खरीदी की जानकारी जब सूत्रों ने बतलाई तब यह सवाल उठाना भी लाजमी है कि क्या आरटीओ विभाग और राज्य सीमा के उसके बैरियर पर अथाह कमाई है,क्या राज्य सीमा पर अवैध तस्करी को छूट देकर पैसे कमाए जा रहे हैं। सवाल इसलिए भी क्योंकि जिस आरटीओ उप निरीक्षक की पत्नी के नाम पर कोरिया जिले में जमीन खरीदी गई 6 करोड़ में वह एक मात्र जमीन नहीं है उसकी पत्नी के नामपर, अंबिकापुर में ही शहर में उसकी पत्नी के नाम पर लगभग 61 डिसमिल भगवानपुर में और लगभग 16 डिसमिल जमीन शहर के फून्दुंडिहारी में भी जमीन खरीदी गई है वहीं राजधानी रायपुर के मोवा में भी लगभग 9 डिसमिल जमीन खरीदी गई है,सभी जमीन मुंह मांगे दाम से ज्यादा दाम देकर खरीदी गई है यह भी सूत्रों का कहना है। अब इस तरह लगातार यदि कोई शासकीय कर्मचारी जमीन मंहगे खरीदता रहेगा तो सवाल विभाग पर भी खड़े होंगे जो हो रहे हैं कि क्या आरटीओ विभाग में इस स्तर की कमाई है खासकर राज्य सीमा जांच नाके पर की कोई कर्मचारी अरबपति भी बन सकता है।

#### तहताकथित आरटीओ उप निरीक्षक के पास हैं अन्य भी अथाह संपत्तियां,जांच होने पर हो सकता है बड़ा खुलासा

सूत्रों की माने तो यह खुलासा एक छोटा खुलासा है,आरटीओ उप निरीक्षक जिसने कोरिया जिले में एक माह पूर्व 3 करोड़ में बिकी जमीन को अपनी पत्नी के नाम पर 6 करोड़ में खरीद लिया है कि यदि संपत्तियों की जांच की जाए तो अथाह संपत्तियां उसने अर्जित कर रखी हैं इस बात का खुलासा हो सकता है। बताया जा रहा है कि उक्त आरटीओ उप निरीक्षक की पत्नी के नाम और भी संपत्तियां खरीदी गई हैं और सभी बेशमिकती हैं। सूत्रों के अनुसार जांच आवश्यक इसलिए भी है क्योंकि आखिर इतना पैसा एक आरटीओ उप निरीक्षक के पास कहां से आ रहा है जो राज्य सीमा बॉर्डर पर इसलिए तैनात है जिससे अन्य राज्यों से होने वाली तस्करी अवैध गतिविधि रोकी जा सके। क्या राज्य सीमा पर आरटीओ उप निरीक्षक गड़बड़ी कर रहा है और इसलिए ही वह अच्छे पैसे कमा रहा है इसकी जांच अब शासन को करनी चाहिए?

## संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता:गांधी स्टेडियम में होगा कल फाइनल मुकाबला,सरगुजा 11 और ट्राइबल टाइगर भिड़ेंगे फाइनल में



-संवाददाता-
अंबिकापुर,29 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
सरगुजा संभाग स्तरीय नॉकआउट कम लीग फुटबॉल प्रतियोगिता अब अपने रोमांचक पड़ाव पर पहुंच चुकी है। शहर का गांधी स्टेडियम मंगलवार 30 सितंबर को एक ऐतिहासिक मुकाबले का गवाह बनेगा, जब दो दिग्गज टीमें–ट्राइबल टाइगर अंबिकापुर और सरगुजा 11 अंबिकापुर–फाइनल में आमने-सामने होंगी। यह बहुप्रतीक्षित मैच दोपहर 2:30 बजे से खेला जाएगा, जिसका इंतजार खेल प्रेमी बेसब्री से कर रहे हैं। फाइनल में पहुंचने के लिए सरगुजा 11 ने सोमवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में जबरदस्त प्रदर्शन किया। सरगुजा 11 अंबिकापुर और फाइटर क्लब मेंडराखुर्द के बीच हुए इस रोमांचक मुकाबले में खेल की शुरुआत से ही आक्रामक रुख देखने को मिला। मैच के तीसरे ही मिनट में सरगुजा 11 ने गोल कर 1-0 की बढ़त बना ली। हालांकि कुछ ही देर बाद मेंडराखुर्द की टीम ने बराबरी का गोल दाग दिया और मैच में रोमांच बढ़ गया। दूसरे हाफ में सरगुजा 11 ने अपने छोटे-छोटे पास और शानदार तालमेल के दम पर खेल का पूरा नियंत्रण हासिल कर लिया। टीम ने लगातार तीन गोल दागकर विपक्षी टीम को संघर्ष करने का कोई मौका नहीं दिया। अंततः सरगुजा 11 ने यह मुकाबला 4-1 से जीतकर फाइनल में जगह पक्की की। इस जीत में गोलकीपर फलेन का अहम योगदान रहा, जिन्हें उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।



## किराना दुकान में गांजा बेचने वाले व्यक्ति को चौकी लटोरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

-संवाददाता-
सूरजपुर,29 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के सख्त निर्देश पर थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा लगातार अवैध कारोबार, सूखा नशा एवं मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 29.09.2025 को चौकी लटोरी पुलिस को मुखबीर ने सूचना दिया कि ग्राम महेशपुर निवासी भईयालाल चौधरी अपने किराना दुकान में अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री कर रहा है। सूचना के फौरन बाद चौकी लटोरी पुलिस मौके पर पहुंची। जहां विधिवत् किराना दुकान में दबिश देकर 1 किलो 595 ग्राम गांजा भईयालाल चौधरी उर्फ लउवा पिता बुद्धुराम के कब्जे बरामद किया जिसकी कीमत करीब 60 हजार रूपये है। मामले में गांजा जप्त कर धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी लटोरी अरुण गुप्ता, आरक्षक विकास मिश्रा, शोभनाथ कुशवाहा, सुनील एक्का, कुंदलाल राजवाड़े, मनोज सिरदार, दिलेश्वर सिंह, महिला आरक्षक मालती एक्का व सुनीता सोनपाकर सक्रिय रहे।



## सेवा पखवाड़ा के तहत कन्या शिक्षा परिसर स्कूल मे चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न

-संवाददाता-
सूरजपुर,29 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
सूरजपुर शहर मंडल के द्वारा कन्या शिक्षा परिसर मे चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे स्कूल के समस्त छात्राओं के द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया तथा विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत थीम पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता मे अपने अपने कला का प्रदर्शन कर एक से बढ़कर एक चित्र छात्राओं के द्वारा बनाया गया जिसपर उनका उत्साहवर्धन करते हुये उन्हें पुरुस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम मे पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल अज्जू मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा महामंत्री नीरज जिंदिया बंटी युवा मोर्चा जिला मंत्री संस्कार अग्रवाल एवं स्कूल के प्राचार्य व समस्त स्टॉफ उपस्थित रहें।



## पंचायत भवन लटोरी में आनलाईन सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजित

-संवाददाता-
सूरजपुर,29 सितम्बर 2025 (घटती-घटना)।
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के तहत पंचायत भवन लटोरी में ऑनलाइन सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के आदेशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री शुभम बंसल जी के मार्गदर्शन से सम्पन्न हुआ। इसके तहत महिलाओं को इंटरनेट से जुड़े खतरों से सचेत रहने, सोशल मीडिया उपयोग में सावधानी बरतने और साइबर अपराधों की जानकारी देते हुए उनके बचाव के उपाय बताए साथ ही साइबर सेल से मास्टर ट्रेनर राय सिंह द्वारा ऑनलाइन साइबर ठगी के बड़ा में विस्तृत जानकारी के साथ टॉल फ्री नंबर 1930 के बारे में भी जानकारी दी गई।

CMYK


# जिला अस्पताल से मरीजों को निजी अस्पताल व डायग्नॉस्टिक सेंटर भेजा जा रहा

महिला चिकित्सकों और निजी एम्बुलेंस की कार्यप्रणाली से मरीज बेहाल,स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता पर सवाल

-शमरोज खान -
सुरजपुर,28 सितंबर 2025
(घटती-घटना)।

मरीजों को निजी एम्बुलेंस में ले जाया जा रहा

पूर्व कलेक्टर का आदेश और सुधार

स्थानांतरण के बाद फिर बिगड़ी स्थिति

महिला चिकित्सकों पर सवाल

आर्थिक बोझ और अविश्वास

जनाक्रोश और प्रशासन से अपेक्षा

वर्तमान कलेक्टर से जनता की उम्मीद

# जिला अस्पताल में समय पर नहीं पहुँचते डॉक्टर

## सुबह की पाली देर से शुरू, शाम की पाली में अधिकांश डॉक्टर नदारद मरीज बेहाल, रोजाना रातों में जिला चिकित्सालय बन जाता है रेफर सेंटर




-शमरोज खान -
सुरजपुर,29 सितंबर 2025
(घटती-घटना)।

जिला अस्पताल में पदस्थ चिकित्सकों की मनमानी से मरीजों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। इलाज की उम्मीद लेकर पहुँचने वाले मरीज समय पर डॉक्टरों को नहीं पाते। परिणामस्वरूप कई बार उन्हें घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ता है,तो कई मजबूर होकर बिना इलाज कराए ही लौट जाते हैं।

### मरीजों की बढ़ती परेशानी

इस लापरवाही का सीधा असर आम मरीजों पर पड़ रहा है। दूर-दराज से आने वाले ग्रामीण मरीजों को सबसे अधिक परेशानी होती है। उन्हें इलाज कराने के लिए पूरे दिन का समय और अतिरिक्त खर्च दोनों झेलना पड़ता है।

### प्रशासन से अपेक्षा

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिला अस्पताल में चिकित्सकों की मनमानी पर रोक लगाना बेहद जरूरी है। वे मांग कर रहे हैं कि अस्पताल में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस,नियमित निरीक्षण और कठोर कार्रवाई की व्यवस्था की जाए। लोगों को उम्मीद है कि वर्तमान कलेक्टर इस स्थिति पर ध्यान देंगे और जिला अस्पताल की अव्यवस्था को सुधारेंगे।

### समय पर नहीं पहुँचते डॉक्टर

नियम के मुताबिक सुबह 9 बजे से चिकित्सकों की ड्यूटी प्रारंभ होनी चाहिए,लेकिन हकीकत यह है कि अधिकांश डॉक्टर 10 बजे के बाद ही अस्पताल पहुँचते हैं। इससे सुबह जल्दी आने वाले मरीजों को घंटों तक इंतज़ार करना पड़ता है।

### बीच में भी गायब रहते हैं...

मरीजों का कहना है कि समय पर पहुँचने में देरी करने के बाद भी डॉक्टर अपने चैंबर में लगातार नहीं बैठते। वे इधर-उधर समय बिताते नज़र आते हैं। कई बार गंभीर मरीज भी डॉक्टर को ढूँढते रह जाते हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है।

### दोपहर से पहले ही निकल लेते हैं डॉक्टर

डॉक्टरों की लापरवाही यहीं तक सीमित नहीं है। जानकारी के अनुसार कई चिकित्सक दोपहर 1 बजे से पहले ही अस्पताल छोड़ देते हैं। जिससे बाद में आने वाले मरीजों को न तो परामर्श मिलता है और न ही उचित इलाज।

### शाम की पाली में तो हालत और भी खराब

शाम की पाली में तो स्थिति और भी चिंताजनक है। अधिकांश चिकित्सक शाम को ड्यूटी पर पहुँचते ही नहीं। परिणामस्वरूप अस्पताल की दूसरी पारी लगभग नाम मात्र की रह जाती है। ऐसे में जो मरीज शाम को इलाज के लिए आते हैं, उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है।

# किसानों के सम्मान में गोंगपा मैदान में...पार्टी की साप्ताहिक बैठक सोनहत के ग्राम ओदारी में सम्पन्न

-संवाददाता-
कोरिया,29 सितंबर 2025
(घटती-घटना)।





जिले के सोनहत ब्लॉक में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की साप्ताहिक बैठक ग्राम पंचायत ओदारी में संपन्न हुआ जिसमें ग्रामीण किसानों और मूलनिवासी के जल जंगल जमीन की लड़ाई के लिए गोंडवाना गणतंत्र पार्टी लगातार बैठकें कर रही है उक्त कार्यक्रम में ग्रामीणों और किसानों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है ।

जानिए क्या कहा निलेश कुमार सोनी ने- पार्टी के सरगुजा संभाग संयोजक आईटी सेल के प्रभारी निलेश कुमार सोनी ने बताया कि सरकार अतिक्रमण हटाने के नाम पर किसानों से उनका जमीन छीनकर उद्योगपतियों को सौंपना चाहती है जिसका हम लोग कड़ा विरोध करते हैं और इसकी तैयारी भी हमने करना शुरू कर दी है आने वाले समय में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ग्रामीण किसानों और आदिवासियों को उनके हक और अधिकार दिलाने के लिए बड़ा आंदोलन भी करेंगे जिस आंदोलन में सभी का भरपूर सहयोग मिलेगा ऐसा हमे पूर्ण आशा एवं विश्वाश है। उन्होंने सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि कई लोगों के घर तोड़े गए फसल को बर्बाद किया उनको प्रशासन से मुआवजा भी दिलाएंगे जिन लोगों ने वोट देकर सरकार बनाने में बीजेपी को सहयोग किया आज वर्तमान में सत्तासीन मंत्री एवं सत्ता धारी दल के नेता किसानों के हाल चाल जानना तो दूर उनके लिए एक शब्द नहीं निकल रहा है । ऐसे में लोगों का मोह भंग हो रहा है लोग अब जागरूक हो रहे हैं और आने वाले चुनाव में इसका परिणाम भी देखने को मिलेगा। उक्त कार्यक्रम में पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष सोनहत संजय प्रताप सिंह, ब्लॉक सचिव जनार्दन गुप्ता, मीडिया प्रभारी ऐसानुल हक अंसारी,किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रमेश टेकाम,किसान मोर्चा के जिला सचिव किरण सिंह,वीर सिंह, जिला महामंत्री बालकिशन,अमर सिंह सोमेश्वर सिंह एवं काफी संख्या में महिला एवं ग्रामीण के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

गोंडवाना की बैठक में रही काफी भीड़- गोंडवाना पार्टी के ओदारी में हुई बैठक में काफी संख्या में भीड़ देखने को मिली बैठक के बाद क्षेत्र में उपस्थित भीड़ को लेकर चर्चा है। गोंडवाना पार्टी ने अंदर अंदर अपना विस्तार कार्यक्रम चालू रखा है लगातार अपनी सदस्य संख्या बढ़ाने पर कार्य किया जा रहा है जबकि सत्ता धारी दल और प्रमुख विपक्षी दल की पार्टी दोनों के कार्यक्रम फिलहाल नजर नही आ रहे हैं।




# आदि कर्म योगी अभियान अंतर्गत आदि सेवा केन्द्रों पर बन रहा है विलेज एक्शन प्लान

-संवाददाता-
सूरजपुर,29 सितंबर 2025 (घटती-घटना)।

धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान-आदि कर्म योगी अभियान अंतर्गत जिला सूरजपुर में 284 ग्राम पंचायतो का चिन्हांकन किया गया है, जिसमें सूरजपुर विकासखंड से-34 रामानुजनगर विकासखंड से-41 प्रेमनगर विकासखंड से -28 भैयाथान विकासखंड से-25 ओड़गी विकासखंड से-46 प्रतापपुर विकासखंड से-110 ग्राम पंचायतें चिन्हांकित है,वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आदि सेवा पर्व /सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक जिले के सभी चिन्हांकित ग्राम पंचायतो में चलाया जा रहा है, जिसमें जन जागरूकता से सभी चिन्हांकित ग्राम पंचायतो हेतु एक वृहद विजन एक्शन प्लान 2030 तक के लिए कार्य योजना तैयार किया जा रहा है ! जिसमें ग्राम पंचायत के मूलभूत सुविधाओं सड़क, बिजली, पानी, रोजगार मूलक कार्य एवं सांस्कृतिक कार्य व अन्य कार्यों हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत में आदि कर्मयोगी, आदि साथी आदि सहयोगियों के साथ ग्रामीण जन एवं लाइन डिपार्टमेंट के सभी अधिकारी कर्मचारी के साथ मिलकर रोड मैप तैयार किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में ट्रांसिट वॉक कर ग्राम पंचायत के भौगोलिक परिस्थिति के अनुसार अच्छा से अच्छा विजन एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन द्वारा दिए गए हैं। जिससे अनुपालन में लगातार आदि सेवा केंद्रों मे बैठक लेकर जनहित व मूलभूत सुविधाओं पर केंद्रित विलेज एक्शन प्लान बनाया जा रहा है। इससे पूर्व में धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान अंतर्गत एक माह तक लगातार क्लस्टर ग्रामो में शिविर लगाकर हितग्राही मूलक योजनाओं एवं आधार कार्ड,आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड,महतारी वंदन,सामाजिक सहायता पेंशन, इत्यादि सुविधाओं के लिए शिविर लगाकर संतृप्त करने की पहल गई है।

# गांधी जयंती पर सूरजपुर में रहेगा शुष्क दिवस

-संवाददाता-
सूरजपुर,29 सितंबर 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम व उसके अधीन बनाये गये छत्तीसगढ़ आबकारी देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 के अन्तर्गत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री एस.जयवर्धन ने ''महात्मा गांधी जंयती'' के अवसर पर 02 अक्टूबर 2025 को शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने जिले के सभी देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों,रेस्टोरेन्ट बार, होटल बार,क्लब एवं मद्य भण्डारण को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने के आदेश दिए है।

# 'स्नेह संबल वृद्धा आश्रम में वरिष्ठजनों का सम्मान'

-संवाददाता-
सूरजपुर,29 सितंबर 2025
(घटती-घटना)।

विगत दिवस दिनांक 28 सितम्बर रविवार को स्नेह संबंल वृद्धा आश्रम तिलसिवां में वृद्धजनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों को शॉल एवं अन्य सामग्री प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में 10 वरिष्ठ पुरुष एवं 15 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने वृद्धजनों को समाज का अनुभव-संपन्न धरोहर बताते हुए उनके जीवन संघर्ष और योगदान को प्रेरणास्त्रोत बताया। इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# प्रदेश का नाम रोशन...स्वप्निल जायसवाल को मुंबई में मिला 'बेस्ट सॉन्ग ऑफ़ छत्तीसगढ़' अवार्ड

## युवा कलाकार स्वप्निल जायसवाल ने फ़िल्म हंडा के टाइटल सॉन्ग के लिए मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में 'बेस्ट सॉन्ग ऑफ़ छत्तीसगढ़' का अवार्ड जीता

-शमरोज खान -
सुरजपुर,29 सितंबर 2025
(घटती-घटना)।




छत्तीसगढ़ के कलाकार स्वप्निल जायसवाल ने एक बार फिर प्रदेश का नाम रोशन किया है। हाल ही में मुंबई में आयोजित में उन्हें फ़िल्म हंडा के टाइटल सॉन्ग के लिए बेस्ट सॉन्ग ऑफ़ छत्तीसगढ़ अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवार्ड शो की खासियत यह रही कि इसमें देशभर के कई दिग्गज कलाकारों को भी सम्मानित किया गया।

स्वप्निल के साथ ही मंच पर सोनू निगम,अरमान मलिक,अनु मलिक, सचिन-जिगर जैसे नामचीन कलाकारों ने भी अपने-अपने अवार्ड ग्रहण किए। ऐसे भव्य मंच पर छत्तीसगढ़ का नाम शामिल होना प्रदेशवासियों के लिए गौरव का विषय है। स्वप्निल जायसवाल आज के समय में प्रदेश के बेहतरीन सिंगर, म्यूज़िक डायरेक्टर और एक्टर के रूप में जाने जाते हैं।

इस गीत में उनका साथ बतौर गीतकार रवि पैकरा ने दिया है। दोनों की इस जोड़ी ने छत्तीसगढ़ी संगीत जगत को एक यादगार धुन दी है। उन्हें यह अवार्ड उनके नए ज़माने के आधुनिक संगीत के लिए मिला है। कहा जा रहा है कि स्वप्निल के साथ छत्तीसगढ़ में संगीत का एक नया दौर शुरू हो गया है। उनके गाने आज की यंग जनरेशन को बेहद पसंद आ रहे हैं। छॉलीवुड में नई शुरुआत करने वाले इन कलाकार का कहना है कि उनका सपना तब पूरा होगा, जब छत्तीसगढ़ी गीतों का आनंद प्रदेश से बाहर भी लोग उठाएँगे। आपको यह भी जानकर खुशी होगी कि हंडा फ़िल्म एक सुपरहिट फ़िल्म थी, जिसने कई रिकॉर्ड तोड़े थे। इस फ़िल्म को मोहित साहू जी ने प्रोड्यूस किया था और इसमें सुपरस्टार अमलेश नागेश, जो दर्शकों के चहेते हैं, ने मुख्य भूमिका निभाई थी। अंबिकापुर जैसे छोटे शहर से निकलकर मुंबई जैसी महानगरी में छत्तीसगढ़ी सिनेमा के लिए अवार्ड जीतना प्रदेशवासियों के लिए गर्व और खुशी का विषय है। यह उपलब्धि न केवल स्वप्निल की मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति के सम्मान को भी दर्शाती है। प्रदेशभर से स्वप्निल को शुभकामनाएं और बधाइयाँ मिल रही हैं। संगीत प्रेमियों का मानना है कि उनके इस सफ़र से आने वाली पीढ़ियों के कलाकारों को प्रेरणा मिलेगी।



न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ0ग0)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार आ0 प्रकाशराम जाति नाई निवासी वरढोढ़ी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम वरढ़ोढ़ी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 388 / 4 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा नक्शा, पंचायत प्रस्ताव, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि ... 11/10 /2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

सील अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर

# रजत जयंती महोत्सव पर जिला स्तरीय एफएलएन मेले का हुआ भव्य आयोजन, माथमौर,कठौतिया और बैमा की टीमों ने हासिल प्रथम स्थान

## 'करके देखबो-सीख के रहीबो' थीम पर बच्चों की प्रतिभा और सीखने की ललक ने एफएलएन मेले में लगाए 34 स्टॉल,कलेक्टर ने की सराहना









-संवाददाता-
एमसीबी,29 सितंबर 2025
(घटती-घटना)।

रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल मनेंद्रगढ़ में आज करके देखबो,सीख के रहीबो थीम पर जिला स्तरीय एफएलएन मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस मेले में जिले के मनेंद्रगढ़,भरतपुर और खड़गवां ब्लॉक की प्राथमिक शालाओं के कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। बच्चों द्वारा कुल 34 स्टॉल लगाए गए, जिनमें उनकी प्रतिभा और सीखने की ललक स्पष्ट दिखाई दी। इस मेले में बच्चों व्दारा लगाए स्टॉल इस प्रकार है जादू की पोटली, मेरी घड़ी तुम्हारा समय, रोली राउंड,पपेट की पाठ शाला, पर्ची उठाओ पढ़कर दिखाओ,गिनो और लिखो, पजल गेम मेरा रिंग मेरा वर्ण,जोड़ी बनाओ गिनती सीखो, एक्शन पार्क उंगली फिराव शब्द बनाओ, जोड़ मशीन,रंग का नाम,आओ ध्वनि पहचानो, आकृतियों की पहचान,बोलो-बोलो मै हूं कहा, नाम ही काफी है, गुणा,फूड आइटम, कौन पहले कौन बाद,समान खरीदो पैसे दो,आओ अलग करे,भरकर देखो,मुझे मेरी जगह बताओ,कौन इकाई कौन दहाई,अव्यवस्थित अक्षर शब्द पहचानकर रेलगाड़ी,बड़ा-छोटा बराबर,मेरे में बारे में बताओ,जादुई ध्वनि चिन्ह कैसे कैसे,क्रम सूचक संख्या,पासा और खेल और आंख मिचौली जैसे स्टाल लगाए गए थे,इस अवसर पर बेमेतरा जिले टाकेश्वर देवांगन,एससीईआरटी रायपुर से सुनील मिश्रा,समग्र शिक्षा से प्रीति जैन और वाणी मसीह विशेष रूप से शामिल हुए। मेले का संचालन बच्चों के हाथों में था,जहां वे खेल-खेल में सीखने और सिखाने की प्रक्रिया में जुड़े हुए थे। शिक्षक केवल अवलोकन की भूमिका में रहे। इस मेले में हिंदी,अंग्रेजी और गणित की चुनिंदा अवधारणाओं के साथ नवाचारी विचारों को भी शामिल किया गया था,जिन्हें एससीईआरटी द्वारा तैयार संदर्शिका से जोड़ा गया। एफएलएन मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रारंभिक चरण में ही रोचक गतिविधियों और खेलों के माध्यम से 100ः सीखने का अवसर प्रदान करना रहा। इसके साथ ही कलेक्टर के साथ सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारियों ने बच्चों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया और उनकी सराहना की। प्रतियोगिता में पीएम श्री शा. प्रा. विद्यालय माथमौर की टीम ने निरजा अहिवार के नेतृत्व में हिंदी थीम आओ ध्वनि पहचानो से प्रथम स्थान प्राप्त किया। शा. प्रा. विद्यालय कठौतिया की टीम ने मनीषा पांडे के नेतृत्व में मैजिक साउंड थीम से पहला स्थान हासिल किया। वहीं शा. प्रा. शाला बैमा की टीम ने श्रीमती उमारानी सिंह के नेतृत्व में गणित थीम कौन पहले कौन बाद से प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया।

इस अवसर पर टाकेश्वर देवांगन ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि जब तक कोई व्यक्ति केवल दूसरों पर निर्भर रहकर सीखता है, तब तक उसका वास्तविक विकास संभव नहीं है। बच्चों को स्वयं सीखने की दिशा में प्रेरित करना और उनके भीतर सीखने की कल्पना शक्ति को विकसित करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वातावरण ऐसा होना चाहिए,जिसमें बच्चा सहज रूप से स्कूल आए और अपने अनुभवों से सीख सके। देवांगन ने सुझाव दिया कि स्टॉलों में लेखन कार्य पर विशेष बल दिया जाए और हर स्टॉल में कम से कम 4 से 5 बच्चों के पढ़ने-लिखने की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक स्टॉल में एक ही विषय को रखा जाए,ताकि बच्चे उस विषय को गहराई से और सरलता से समझ सकें। उन्होंने यह भी कहा कि हर गतिविधि को क्रमबद्ध और व्यवस्थित तरीके से प्रस्तुत करना चाहिए, जिससे बच्चों के भीतर तार्किक सोच और आत्मविश्वास का विकास हो। उन्होंने यह भी कहा कि स्टॉलों की सजावट और सामग्री मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से व्यवस्थित होनी चाहिए, ताकि बच्चों का ध्यान केंद्रित रहे और वे सीखने की प्रक्रिया का आनंद ले सकें। बिखरे हुए सामान को समेटकर सुव्यवस्थित रखना भी अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि व्यवस्था ही बच्चों को अनुशासन और सृजनशीलता की ओर प्रेरित करती है। देवांगन ने जोर देकर कहा कि बच्चों में आत्मविश्वास जगाना बहुत आवश्यक है और स्टॉलों का प्रबंधन स्वयं बच्चों को ही करना चाहिए। इससे उनमें जिम्मेदारी का भाव विकसित होगा और वे अपने कौशल को और निखार सकेंगे। उन्होंने उदाहरण स्वरूप कहा कि यदि चार्ट और गतिविधियों को सही ढंग से प्रस्तुत किया जाए तो बच्चे तुरंत समझ सकते हैं कि यह क्या है और उसका उद्देश्य क्या है। अंत में उन्होंने कहा कि हर बच्चे के भीतर एक अनोखी कला और क्षमता छिपी होती है। शिक्षक और अभिभावकों का कर्तव्य है कि वे उस क्षमता को पहचानें और उसे प्रोत्साहित करें। बच्चों को जो चीजे़ं अपने अनुभव से सिखाई जाती हैं, वे कभी नहीं भूलते। यही शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है। इस एफएलएन मेला में इस अवसर पर नगर निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिमा यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता डोंगरे, एसडीएम लिंगराज सिदार, जिला शिक्षा अधिकारी आर. पी. मिरे, सभी ब्लॉकों के बीईओ एवं बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### मेला केवल एक दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि इसे और बड़े स्तर पर भी आयोजित किया जाएगाः डी. राहुल वेंकट-

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने अपने उद्बोधन में कहा कि लगभग एक वर्ष पहले जब पीएलसी गठन की परिकल्पना की गई थी, तब उसका व्यावहारिक रूप से पहला क्रियान्वयन आज इस एफएलएन मेले के रूप में सामने आया है। यह सभी शिक्षकों के प्रयास और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि पीएलसी के जिन शिक्षकों के समूह बनाए गए हैं, वे लगातार सक्रिय रहें और इस समूह से और भी अधिक शिक्षकों को जोड़ते रहें। कलेक्टर ने कहा कि यह मेला केवल एक दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि इसे और बड़े स्तर पर भी आयोजित किया जाएगा। प्रारंभिक चरण में हमने एफएलएन मेला ब्लॉक स्तर पर किया और आज इसे जिला स्तर तक ले आए हैं। ब्लॉक स्तर पर भी शिक्षकों ने बेहतरीन कार्य किया और अब यह आयोजन और भी सशक्त रूप से आगे बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि आने वाले एक-दो महीनों में इस मेले को प्रशिक्षण और कार्यशाला के रूप में फिर से आयोजित किया जाएगा, ताकि शिक्षकों को और बेहतर अनुभव मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगे से ब्लॉक स्तर के एफएलएन मेले का संचालन बीईओ की निगरानी में होगा, जबकि जिला स्तर के मेले की जिम्मेदारी डीईओ के निर्देशन में होगी। कलेक्टर ने कहा कि सीमित संसाधनों में भी आज जो आयोजन हुआ है, वह अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायी है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में जिले में विज्ञान मेले का भी आयोजन किया जाएगा। कुछ जनप्रतिनिधियों ने सुझाव दिया है कि इस प्रकार के आयोजनों में निजी विद्यालयों को भी शामिल किया जाए, ताकि सरकारी और निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों को आपसी सीखने और अनुभव साझा करने का अवसर मिल सके। इस पर जिला स्तर पर दिसंबर या जनवरी में एक बड़ा विज्ञान मेला आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि सूरजपुर, अंबिकापुर और जीपीएम जैसे जिलों में एफएलएन मेला आयोजित किया जाता है, तो यहां के शिक्षकों को वहां भेजा जाए ताकि वे नए विचारों और गतिविधियों को सीखकर अपने जिले में लागू कर सकें। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि प्रत्येक जिले में अलग-अलग शिक्षकों को सीखने का अवसर मिलना चाहिए और वे लौटकर अपने अनुभवों से जिले के शैक्षणिक वातावरण को और समृद्ध बना सकें।

---

#### स्वच्छता ही सेवा जागरूकता कार्यक्रम संपन्न,सिंगल यूज़ प्लास्टिक से मुक्ति और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का लिया गया संकल्प

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत बाल संरक्षण इकाई द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



-संवाददाता-
एमसीबी,29 सितंबर 2025
(घटती-घटना)।

जिले में स्वच्छता और जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वच्छता ही सेवा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के दिशा-निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.के. खाती के मार्गदर्शन तथा मिशन वात्सल्य जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुश्री कोमल सिंह की देखरेख में आयोजित हुआ।

इस कार्यक्रम की शुरुआत 26 सितम्बर 2025 को नवापारा केंद्र आंगनबाड़ी पोड़ी, चिरमिरी में की गई। वहीं,27 सितम्बर 2025 को बिहान कार्यालय चनवारीडाड़,मनेंद्रगढ़ (जिला-एमसीबी) में भी इसका आयोजन किया गया। दोनों ही स्थानों पर बड़ी संख्या में बच्चे,महिला समूह की सदस्याएँ तथा आमजन शामिल हुए और स्वच्छता का संकल्प लिया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता बनाए रखने और प्लास्टिक प्रदूषण से बचने का संदेश दिया। सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्परिणामों को विस्तार से समझाया गया तथा कपड़े से बनी थैलियों के उपयोग को प्रोत्साहित किया गया। लोगों से अपील की गई कि वे घर और आसपास की नियमित सफाई रखें, गली-रास्तों पर कचरा न फेंकें और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में सहयोग दें। बच्चों को भी स्वच्छता अपनाने की आदत डालने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम में गंदगी से होने वाली बीमारियों,जैसे डेंगू,मलेरिया, दस्त,टाइफाइड आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बताया कि स्वच्छता अपनाने से इन बीमारियों से बचाव संभव है। इस अवसर पर सहभागी बच्चों ने भी स्वच्छता पर आधारित नारों और गीतों के माध्यम से संदेश दिया, जिससे उपस्थित लोगों में उत्साह और जागरूकता का संचार हुआ। इन कार्यक्रमों में आउटरीच वर्कर ताज मोहम्मद,अनिकेत, सोशल वर्कर चुनमुनिया टोप्पो एवं पंकज पैंकरा ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने न केवल लोगों को जागरूक किया बल्कि उदाहरण प्रस्तुत करते हुए स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। जागरूकता अभियान का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि जिले का प्रत्येक नागरिक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में अपना योगदान देगा तथा स्वच्छता ही सेवा को जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएगा।

## 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के तहत मनाया गया स्वस्थ मां दिवस

### ग्रामीणों और वृद्धजनों को मिला स्वास्थ्य परामर्श एवं निःशुल्क उपचार



-संवाददाता-
कोरिया,29 सितंबर 2025
(घटती-घटना)।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में आज जिले में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के अंतर्गत 'स्वस्थ मां दिवस' शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में वृद्धा आश्रम के समस्त वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसमें बीपी, शुगर, कैंसर जांच, पैरालिसिस देखभाल, परामर्श और दवाइयों का वितरण किया गया। वृद्धजनों को उम्र के साथ जीवनशैली और आहार संबंधी आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया। आवश्यकता पड़ने पर टेली मानस परामर्श सेवा उपलब्ध कराई गई।

#### सभी वर्गों तक पहुंचा स्वास्थ्य लाभ

अभियान के तहत जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा स्वास्थ्य केंद्रों पर भी स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी बनाने की सुविधा दी गई। आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद परीक्षण निःशुल्क किए गए। आयुष सेवाओं के माध्यम से उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराया गया।

#### स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि स्वस्थ नारी,सशक्त परिवार अभियान का मुख्य उद्देश्य है स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना,हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ना और एक स्वस्थ,समृद्ध एवं विकसित कोरिया का निर्माण करना।

## कृषि भूमि बाजार मूल्य निर्धारण नियमों में संशोधन

-संवाददाता-
कोरिया,29 सितंबर 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन ने भूमि के बाजार मूल्य निर्धारण से संबंधित नियमों में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं। अब तक लागू छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत नियम, 2000 का नाम बदलकर छत्तीसगढ़ गाइडलाइन दरों का निर्धारण नियम, 2000 कर दिया गया है। नए संशोधनों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों की कृषि भूमि का बाजार मूल्य अब हेक्टेयर दर से निर्धारित किया जाएगा। इसके साथ ही वर्ग मीटर के आधार पर गणना की पूर्व प्रक्रिया को समाप्त कर दिया गया है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में परिवर्तित भूमि के मूल्य निर्धारण में भी बदलाव किया गया है। पहले इसके लिए सिंचित भूमि की दर से ढाई गुना मूल्य लिया जाता था, लेकिन अब यह प्रावधान हटाकर केवल हेक्टेयर दर से ही मूल्य तय किया जाएगा। शासन ने स्पष्ट किया है कि इन संशोधनों को दस्तावेजों के पंजीयन एवं प्रभार्य शुल्क निर्धारण में लागू किया जाएगा। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नए प्रावधानों की जानकारी अधीनस्थ कर्मचारियों को दें ताकि भूमि पंजीयन की प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

## किशोरी में सिंचाई और मछलीपालन से बदल रही है ग्रामीणों की जिंदगी

### 20 साल पुराने तालाब का कायाकल्प



-संवाददाता-
कोरिया,29 सितंबर 2025
(घटती-घटना)।

किसानी और पानी का अद्भुत सम्बंध रहा है। मेहनतकश किसानों के लिए तरक्की की राह बनाने का सबसे सरल माध्यम है, समय पर और पर्याप्त जल संसाधन उपलब्ध कराना। इसी दिशा में कोरिया जिले के सोनहत जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम किशोरी में मिशन अमृत सरोवर के तहत नवीनीकृत हुआ तालाब आज ग्रामीण जीवन को नई दिशा दे रहा है। कभी अनुपयोगी हो चुका यह तालाब अब ग्रामीणों के लिए दैनिक निस्तार,पशुओं के पेयजल,खेती-बाड़ी और आजीविका संवर्धन का महत्वपूर्ण साधन बन चुका है।



#### खुशहाली का प्रतीक बना अमृत सरोवर

किशोरी ग्राम पंचायत का यह अमृत सरोवर आज केवल जल संरक्षण का साधन नहीं, बल्कि किसानों की समृद्धि और महिलाओं की आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि अब उनके जीवन में स्थायी परिवर्तन दिखाई दे रहा है।

#### 20 साल पुराने तालाब का कायाकल्प

ग्राम पंचायत किशोरी में लगभग 20 वर्ष पुराना तालाब लंबे समय तक उपेक्षा के कारण अनुपयोगी हो गया था। वित्तीय वर्ष 2022- 23 में पंचायत के प्रस्ताव पर इसे मिशन अमृत सरोवर के तहत पुनर्जीवित किया गया। करीब 10 लाख रुपये की लागत से तालाब का जीर्णोद्धार कर इसकी जलभराव क्षमता को तीन गुना बढ़ाकर 10 हजार घनमीटर कर दिया गया।

#### 18 एकड़ खेतों में पहुंचा पानी

तालाब के पुनरुद्धार से आसपास के किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। किसान मनोज रक्सेल और अरविन्द सिंह की तीन-तीन एकड़,जबकि सुरेन्द्र,लक्ष्मण,वीरेन्द्र और आनंद की दो-दो एकड़ से ज्यादा भूमि अब सिंचित हो रही है। इसके अलावा जगबली यादव की लगभग सवा एकड़ ज़मीन भी इस सरोवर से सींची जा रही है। किसानों ने बताया कि अब वे खरीफ के साथ रबी की फसलें भी लेने लगे हैं, जिससे उनकी आमदनी में सुधार हुआ है।

#### महिलाओं की कमाई 75 हजार रुपए

ग्राम पंचायत ने अमृत सरोवर को आजीविका संवर्धन के रूप में स्थानीय महिला स्व-सहायता समूह को लीज पर उपलब्ध कराया है। जय मां महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य महिलाओं ने इस तालाब से बीते ग्रीष्म में 75 हजार रुपये की मछली बेचकर लाभ कमाया। समूह की अध्यक्ष श्रीमती सोनकुंवर और सचिव श्रीमती जीराबाई ने बताया कि इस साल लगभग तीन लाख रुपए के मछली उत्पादन की उम्मीद है। यह पहल महिलाओं के लिए अतिरिक्त आय का जरिया और पोषण संवर्धन का साधन बन रही है।

# टीम इंडिया ने बिना ट्रॉफी जीत सेलिब्रेट की

## बुमराह ने दिया रऊफ को प्लेन क्रैश रिप्लाई,पाकिस्तान बोर्ड के चीफ खुद ट्रॉफी देने पर अड़े थे...




**नई दिल्ली,29 सितम्बर 2025।** भारत ने एशिया कप का खिताब नौवीं बार अपने नाम कर लिया है। टीम इंडिया ने रविवार रात साढ़े चार घंटे चले फाइनल में पाकिस्तान को आखिरी ओवर में 5 विकेट से हरा दिया। 20 दिन तक चले टूर्नामेंट में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर का असर भी दिखा। एशिया कप में भारत और पाकिस्तान की टीमें 3 बार टकराईं। भारत ने तीनों मैच जीते, पर पाकिस्तानी खिलाड़ियों से एक बार भी हाथ नहीं मिलाया। भारतीय खिलाड़ियों ने खिताब जीतने के बाद एशियन क्रिकेट काउंसिल के चैयरमैन मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से भी मना कर दिया। नकवी पाकिस्तान के गृहमंत्री और पीसीबी चीफ भी हैं।

### जीतने के बाद तिलक और टीम इंडिया का सेलिब्रेशन देखिए

फाइनल में भारत को तिलक वर्मा ने 69 रन की पारी खेलकर जीत दिलाई। मैच जीतने के बाद सूर्यकुमार यादव ने झुक कर उन्हें प्रणाम किया।

### रिंकू ने चौका लगाकर फाइनल जिताया

पूरे टूर्नामेंट टीम से बाहर रहने वाले रिंकू सिंह को हार्दिक पंड्या की चोट के कारण फाइनल में खेलने का मौका मिला। उन्होंने इस मौके को पूरी तरह भुनाया। रिंकू की बैटिंग तब आई जब भारत को आखिरी 6 बॉल पर 10 रन की जरूरत थी। हारिस रऊफ की चौथी गेंद पर रिंकू ने लॉन्ग ऑन के ऊपर से चौका मारकर भारत को खिताब दिला दिया।

### भारतीय कप्तान बोले ऐसा पहली बार देखा

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव से ट्रॉफी के बारे में सवाल पूछा गया। सूर्या ने कहा- जब मैं क्रिकेट खेल रहा हूं तब से पहली बार देखा कि चैंपियन टीम को ट्रॉफी नहीं दी गई। हमने बहुत मेहनत करके यह टूर्नामेंट जीता है। खैर कोई बात नहीं। भारतीय ड्रेसिंग रूम में अपने सभी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के साथ होना ही मेरे लिए ट्रॉफी है।

### भारत ने पाकिस्तान को लगातार 8 वीं बार हराया

भारत ने पाकिस्तान को इंटरनेशनल क्रिकेट में लगातार 8वीं बार हराया। टीम को आखिरी हार 2022 के एशिया कप में दुबई के मैदान पर ही मिली थी। इसके बाद टीम ने पाकिस्तान को टी-20 वर्ल्ड कप में 2 बार और एशिया कप में 4 बार हराया। वनडे वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी में 1-1 जीत दर्ज की। भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान पर क्लीन स्वीप भी किया। टीम ने ग्रुप स्टेज में 7 विकेट, सुपर-4 में 6 विकेट और फाइनल में 5 विकेट के अंतर से जीत दर्ज की। मल्टीनेशन टूर्नामेंट में पहली बार किसी चैंपियन ने दूसरी टीम को लगातार 3 बार हराया। इससे पहले 1983 के वर्ल्ड कप में चैंपियन भारत ने वेस्टइंडीज और 2004 के एशिया कप में चैंपियन श्रीलंका ने भारत को 3 मुकाबलों में 2 बार हराया था।



### बीसीसीआई सचिव ने कहा आईसीसी में नकवी की शिकायत करेंगे

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया...हमने फैसला किया था कि भारतीय टीम पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के किसी अधिकारी से ट्रॉफी नहीं लेगी। पीसीबी चीफ ही एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन हैं,लिहाजा हमारे खिलाड़ियों ने उनसे ट्रॉफी या मेडल स्वीकार नहीं किया। इसका मतलब ये नहीं कि नकवी भारत की ट्रॉफी या मेडल पाकिस्तान ले जाने के हकदार हो जाएंगे। नवंबर में आईसीसी की कॉन्फ्रेंस है। हम वहां नकवी की हरकत पर कड़ी आपत्ति जताएंगे। उम्मीद है कि हमारी ट्रॉफी हमें जल्द मिल जाएगी। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में यह डिमांड तेज थी कि टीम इंडिया को एशिया कप में पाकिस्तान से नहीं खेलना चाहिए। भारतीय टीम ने मैच का तो बायकॉट नहीं किया, लेकिन पूरे टूर्नामेंट में भारत के खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। टूर्नामेंट की शुरुआत में ही भारत ने यह भी तय कर लिया था कि अगर टीम चैंपियन बनती है तो किसी पाकिस्तानी ऑफिशियल से ट्रॉफी नहीं लेगी।

### बुमराह ने रऊफ को बोल्ड करके प्लेन क्रैश का इशारा किया

18वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जसप्रीत बुमराह ने हारिस रऊफ को शानदार यॉर्कर पर बोल्ड कर दिया और इसके बाद उन्होंने प्लेन क्रैश का इशारा करके विकेट का जश्न मनाया। यह जश्न दरअसल उस पुराने किस्से से जुड़ा था, जब सुपर-4 के मैच में हारिस रऊफ ने भारतीय फैंस की ओर जेट गिराने जैसा इशारा किया था। उस हरकत पर ढ्ढष्टष्ट ने उन्हें दोषी माना था और उनकी 30% मैच फीस काट ली थी। फाइनल में बुमराह ने गेंद से जवाब दिया। उनकी खतरनाक यॉर्कर रऊफ के स्टंप उड़ा ले गई और फिर उन्होंने वही इशारा दोहराकर रऊफ को याद दिलाया कि असली प्लेन गिराने का काम किसने किया है।

### सूर्या ने जीत भारतीय सेना को समर्पित की



एशिया कप में पाकिस्तान को हराने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस जीत को भारतीय सेना को समर्पित किया। सूर्या और टीम इंडिया का संदेश साफ था कि यह जीत देश के जवानों को सम्मान देने के लिए है। खास बात यह थी कि पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारत और पाकिस्तान की टीमें क्रिकेट मैदान पर आमने-सामने आई थीं।

### पाकिस्तानी कप्तान ने कहा- भारतीय टीम क्रिकेट का अनादर कर रही

मैच के बाद पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने भारतीय टीम पर क्रिकेट का अनादर करने का आरोप लगाया। आगा ने कहा- हमसे हाथ न मिलाकर वे हमारा अपमान नहीं कर रहे। वे क्रिकेट का अपमान कर रहे हैं। उनका व्यवहार बहुत ही गलत था।

# क्रिस वोक्स ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया

## भारत के खिलाफ चोटिल हाथ से बैटिंग करने उतरे थे,इंग्लैंड को 2 वर्ल्ड कप जिताए

**नई दिल्ली, 29 सितम्बर 2025।** इंग्लैंड के पेस बॉलिंग ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी दी। वोक्स 2019 वनडे वर्ल्ड कप और 2022 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली इंग्लिश टीम का हिस्सा रहे। 2 महीने पहले भारत के खिलाफ टेस्ट मैच में वे इंजर्ड हाथ के साथ बैटिंग करने भी उतरे थे।

**करियर में कोई पछतावा नहीं :** वोक्स ने सोशल मीडिया पर तीनों फॉर्मेट की जर्सी में अपनी फोटो शेयर की। उस पर लिखा, इंग्लैंड के लिए खेलकर खुशी हुई, करियर में कोई पछतावा नहीं रहा। समय आ गया है। मैंने फैसला कर लिया है कि इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर होने का यही सही समय है।

**इंग्लैंड के लिए खेलना बचपन का सपना था :** वोक्स ने आगे लिखा, इंग्लैंड के लिए खेलने का सपना मैंने बचपन से ही देखा। मैं बहुत खुशनसीब रहा कि इस सपने को पूरा कर सका। इंग्लैंड के लिए 15 साल खेलते हुए मैंने कई अच्छे दोस्त बनाए, यही चीजें मेरे लिए खास रहीं। 2011 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू करने की याद बहुत पुरानी नहीं है, लेकिन जब आप खेल को एंजॉय करते हो तो समय बहुत तेजी से बीत जाता है।



2 वर्ल्ड कप जीतना और कुछ ऐशेज सीरीज का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात रही। साथी प्लेयर्स के साथ सेलिब्रेशन और यादें मेरे साथ हमेशा रहेंगी।

**मम्मी-पापा,पत्नी और बेटियों का धन्यवाद :** वोक्स ने आगे लिखा, मम्मी, पाप, मेरी पत्नी एमी, हमारी बेटियां लायला और इवी को भी धन्यवाद। उन्होंने मुझे हमेशा सपोर्ट किया, उनके साथ के बिना इतना लंबा समय नहीं बीत सकता था। फैंस और बार्मी आर्मी को भी धन्यवाद। इंग्लैंड और वारविकशायर में मेरे कोच और साथी खिलाड़ियों का भी सपोर्ट रहा। आप सभी की वजह से मैं देश के लिए खेल पाया। आपकी गाइडेंस और दोस्ती मेरे लिए बहुत मायने रखती है। मैं काउंटी क्रिकेट खेलना जारी रखूंगा, साथ ही अपना फोकस फ्रेंचाइजी क्रिकेट पर भी रखूंगा। धन्यवाद।

### इंग्लैंड से 2 वर्ल्ड कप जीते

क्रिस वोक्स ने इंग्लैंड से 2019 में वनडे वर्ल्ड कप जीतने के बाद 2022 में टी-20 वर्ल्ड कप भी जीता। वोक्स ने 2011 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 से इंटरनेशनल डेब्यू किया। फिर 4 अगस्त 2025 को भारत के खिलाफ टेस्ट मैच के रूप में आखिरी इंटनरेशनल मुकाबला खेला। भारत के खिलाफ द ओवल में आखिरी टेस्ट के दौरान ही उन्हें दूसरी पारी में इंजर्ड हाथ के साथ बैटिंग करने उतरना पड़ा। वे नॉटआउट रहे, लेकिन उनके सामने गस एटकिंसन 17 रन बनाकर आउट हो गए। जिस कारण इंग्लैंड ने 6 रन से करीबी मुकाबला गंवा दिया। वोक्स ने तीनों फॉर्मेट में 3705 रन बनाने के साथ 396 विकेट भी लिए।

# विमेंस वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत आज से

**नई दिल्ली,29 सितम्बर 2025।** विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के 13वें एडिशन की शुरुआत आज होने जा रही है। भारत और श्रीलंका के बीच गुवाहाटी में दोपहर 3 बजे से ओपनिंग मैच खेला जाएगा। टूर्नामेंट की मेजबानी भारत के पास ही है, लेकिन पाकिस्तान के सभी मैच श्रीलंका के कोलंबो शहर में खेले जाएंगे। 2 नवंबर तक टूर्नामेंट में 8 टीमों के बीच 31 मैच होंगे। 29 और 30 अक्टूबर को 2 सेमीफाइनल होंगे, वहीं 2 नवंबर को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में फाइनल खेला जाएगा। अगर पाकिस्तान टीम फाइनल में पहुंची तो मुकाबला कोलंबो में होगा।

### कितने बजे शुरू होंगे मुकाबले?

इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच 26 अक्टूबर को मैच सुबह 11 बजे शुरू होगा। इसे छोड़कर सभी मुकाबले दोपहर 3 बजे से शुरू होंगे।

### कौन-कौन सी टीमें हिस्सा ले रहीं?

मेजबान भारत और श्रीलंका के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड चैंपियनशिप साइकल के आधार पर क्वालिफाई किया। पाकिस्तान, बांग्लादेश, आयरलैंड, वेस्टइंडीज, थाईलैंड और स्कॉटलैंड के बीच क्वालिफायर खेला गया था। इनमें से पाकिस्तान और बांग्लादेश ने वर्ल्ड कप में जगह बनाई। 2000 के बाद से पहली बार वेस्टइंडीज टीम विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में जगह नहीं बना सकी।



क्वालिफायर स्टेज में बांग्लादेश ने 0.013 रन रेट बेहतर होने के कारण के वेस्टइंडीज को पीछे छोड़ दिया था।

### किस फॉर्मेट में हो रहा टूर्नामेंट?

8 टीमें टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही हैं। राउंड रॉबिन फॉर्मेट में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 7-7 मैच खेलेंगी। 26 अक्टूबर तक राउंड रॉबिन में 28 मैच खेले जाएंगे। सभी मुकाबलों के बाद पॉइंट्स टेबल में टॉप-4 पोजिशन पर रहने वाली टीमें सेमीफाइनल में एंट्री करेंगी। पहले सेमीफाइनल में नंबर-1 टीम का सामना नंबर-4 टीम से होगा। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में दूसरे और तीसरे नंबर की टीम आपस में भिड़ेंगी। दोनों सेमीफाइनल जीतने वाली टीमों के बीच 2 नवंबर को फाइनल होगा।

व्यापार समाचार

# डॉलर की तुलना में 4 पैसे की मामूली कमजोरी के साथ बंद हुआ रुपया

**नई दिल्ली, 29 सितम्बर 2025।** कमजोर ग्लोबल संकेतों, स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकों की बिकवाली और डॉलर की मांग में तेजी आने का असर सोमवार को भारत के मुद्रा बाजार में साफ नजर आया। मुद्रा बाजार में बने नकारात्मक माहौल के कारण रुपया सोमवार को डॉलर की तुलना में मामूली कमजोरी के साथ बंद हुआ। भारतीय मुद्रा सोमवार को डॉलर की तुलना में 4 पैसे फिसल कर 88.76 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भारतीय मुद्रा 88.72 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। रुपये ने सोमवार को कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने सोमवार को सुबह डॉलर के मुकाबले 6 पैसे की बढ़त के साथ 88.66 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। सोमवार को कारोबार शुरू होने के बाद डॉलर की मांग में तेजी आने के कारण रुपये पर दबाव बढ़ता गया, जिसकी वजह से रुपया ओपनिंग लेवल से 11 पैसे फिसल कर 5 पैसे की कमजोरी के साथ 88.77 के स्तर तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद डॉलर की तुलना में रुपये ने 4 पैसे की गिरावट के साथ 88.76 के स्तर पर सोमवार को कारोबार का अंत किया। मुद्रा बाजार के



सोमवार को कारोबार में रुपये ने डॉलर के साथ ही ज्यादातर दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले भी कमजोर प्रदर्शन किया। सोमवार को ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) की तुलना में रुपया 76.63 पैसे की कमजोरी के साथ 119.21 (अनंतिम) के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह यूरो की तुलना में रुपया सोमवार को 41.65 पैसे की गिरावट के साथ 104.01 (अनंतिम) के स्तर पर पहुंच कर बंद हुआ।

# सेंसेक्स 62 अंक गिरकर 80,364 के स्तर पर बंद

## निफ्टी 20 अंक टूटा,मीडिया शेयर्स 1% गिरे,सरकारी बैंक सेक्टर करीब 2% चढ़ा

**नई दिल्ली, 29 सितम्बर 2025।** पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार सोमवार को लगातार सातवें कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। विदेशी निवेशकों की बिकवाली, आईटी सेक्टर की कमजोरी और इंडिया वोलैटिलिटी इंडेक्स में 1.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की वजह से सोमवार को घरेलू शेयर बाजार मजबूती हासिल करने के बावजूद अंत में कमजोरी का शिकार हो गया। सोमवार को कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। दिन के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक 0.50 प्रतिशत से अधिक की तेजी हासिल करने में सफल भी रहे। दूसरी ओर, बिकवाल भी लगातार अपना दबाव बनाते रहे और अंत में बाजार पर पूरी तरह से हावी भी हो गए, जिसके कारण अंततः सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में कमजोरी आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.076 प्रतिशत और निफ्टी 0.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। सोमवार को दिन भर के कारोबार के दौरान ऑयल एंड गैस,



पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और पीएसयू बैंक सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह एनर्जी, रियल्टी, मेटल, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी और फार्मास्यूटिकल इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, डिफेंस, आईटी, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स और टेक इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में सोमवार को मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसके विपरीत स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.17 प्रतिशत की कमजोरी के साथ सोमवार को कारोबार का अंत किया। सोमवार को शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन सोमवार को कारोबार के बाद बढ़ कर 451.73 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 450.55 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को सोमवार को कारोबार से करीब 1.18 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। सोमवार को दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,377 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,919 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,274 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 184 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में सोमवार को 2,794 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,335 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,459 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर बढ़त के साथ और 15 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 24 शेयर हरे निशान में और 26 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स सोमवार को 162.31 अंक की मजबूती के साथ 80,588.77 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल भी ऊपर नीचे होने लगी। खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स 424.92 अंक की मजबूती के साथ 80,851.38 अंक के स्तर तक पहुंचा। बिकवाली का दबाव बनने पर ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 600 अंक से अधिक का गोता लगा कर 177.62 अंक की कमजोरी के साथ 80,248.84 अंक तक गिर भी गया।

# छत्तीसगढ़ में 2500 गायों की मौत,5 लाख गायब:बैज

## कहा...यूपी-महाराष्ट्र के स्लॉटर-हाउस भेज रहे,बृजमोहन बोले-कांग्रेस ने लूट मचाई,हम नीति बना रहे



**रायपुर,29 सितम्बर 2025।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पिछले पौने 2 साल में छत्तीसगढ़ से करीब 5 लाख गौवंश गायब हो गए हैं। लगभग 2500 गायों की भूख,हादसे और जहरीला पदार्थ खाने से मौत हुई है। बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को समौदा,कल्लू और खरोरा जाकर गायों की स्थिति जायजा लेना चाहिए। बैज ने कहा कि भाजपा राज में गायों को यूपी और महाराष्ट्र के स्लॉटर हाउस भेजा जा रहा है। भाजपा खुद को गौ-रक्षक बताती है,लेकिन मोदी सरकार के समय भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बीफ निर्यातक बन गया है। जिससे हर साल 4.3 अरब डॉलर कमाए जा रहे हैं। बैज ने रायपुर के राजीव भवन में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ये बातें कहीं। वहीं इस पर रायपुर से बीजेपी सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पहले कांग्रेस पार्टी अपने नेताओं को जो मार रही है, उसकी जांच कर ले। कांग्रेस ने गौठानों के नाम से लूट मचाई और भ्रष्टाचार किया। अब विष्णुदेव साय की सरकार नीति बना रही है। उस नीति के आधार पर गायों का संरक्षण किया जाएगा।

### गायब 5 लाख गौवंश पर सरकार स्पष्टीकरण दे...

दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार ने कांग्रेस सरकार की गौठान और गोबर खरीदी योजना बंद कर दी। जिससे चारे-पानी के अभाव में बड़ी संख्या में गौवंश की मौत हो रही है। कांग्रेस ने सरकार से मांग की है कि, प्रदेश से गायब 5 लाख गौवंश पर सरकार स्पष्टीकरण दे। 2023 के पहले के सभी 10,800 गौठान फिर से शुरू की जाए। गौठानों में चारे-पानी की सुरक्षित व्यवस्था की जाए। 3 दिनों में प्रदेश में 40 से ज्यादा गायों की मौत के मामले सामने आए है। कांग्रेस ने अभी तक गायों की मौत को लेकर कमेटियां बनाई है। उनकी रिपोर्ट और कार्यकर्ताओं के माध्यम से गांव वालों से चर्चा कर प्राप्त की गई जानकारी बहुत ही चौंकाने वाली है।

**गौ-अभ्यारण्य और गौ-धाम बनाने की घोषणा सिर्फ दिखावा :** पीसीसी अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि, भाजपा शासन में गौ-अभ्यारण्य और गौ-धाम बनाने की घोषणा सिर्फ दिखावा है। जमीनी स्तर पर कुछ नहीं हुआ। हर पशु के लिए प्रतिदिन 10 रुपए चारा मद का प्रावधान किया गया, लेकिन उससे कोई व्यवस्था संभव नहीं है। कांग्रेस पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के अनुसार जांच के दौरान समौदा के गौठान में भारी अनियमितताएं उजागर हुईं। समिति ने पाया कि गौठान में लगभग 17-18 गायों की मौत हो चुकी है। जिनके शव को चील और कौवे नोच रहे थे। गौठान की स्थिति अस्त-व्यस्त थी। गौठान में 50 गाय रखने की व्यवस्था थी।

# कांग्रेस नेता के भतीजे ने खुद को गोली मारकर की खुदकुशी,भोपाल में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था मृतक



**बिलासपुर,29 सितम्बर 2025।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले से बड़ी खबर निकलकर सामने आई है। यहां कांग्रेस नेता के भतीजे ने गोली मारकर की खुदकुशी कर ली है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि मृतक ने लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग की है। मामला राजकिशोर नगर के सरकंडा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार,आत्महत्या करने वाले युवक की पहचान संस्कार सिंह (20) के रूप में हुई है। संस्कार के पिता चित्रसेन सिंह बिलासपुर के जाने-माने बिल्डर हैं। मृतक युवक कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के करीबी अजय सिंह का भतीजा था। मृतक संस्कार सिंह नीट की तैयारी कर रहा था और इसके लिए वह भोपाल में रहकर अध्ययन कर रहा था। बताया जा रहा है कि संस्कार सिंह 2 साल पहले 12वीं पास कर चुका था। वह गैप लेकर नीट की तैयारी कर रहा था, लेकिन सिलेक्शन नहीं होने की वजह से वह डिप्रेशन में था। आशंका है कि संस्कार ने इसी वजह से आत्महत्या की है। परिवार और पुलिस के अनुसार, घटना के समय संस्कार अपने कमरे में था, जहां उसने लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। मौके पर पहुंची सरकंडा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी। फिलहाल आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है, लेकिन प्राथमिक जांच में डिप्रेशन की संभावना जताई जा रही है। इस घटना ने परिवार और स्थानीय समुदाय में शोक की लहर दौड़ा दी है।

# साय कैबिनेट की बैठक आज

## किसान-शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े प्रस्तावों को मिल सकती है मंजूरी,सीएम साय करेंगे मीटिंग की अध्यक्षता



**रायपुर,29 सितम्बर 2025।** साय कैबिनेट की बैठक आज होगी। यह बैठक नवा रायपुर के महानदी भवन में दोपहर साढ़े 3 बजे से शुरू होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। इसमें प्रदेश सरकार के सभी मंत्री शामिल होंगे और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, बैठक में प्रदेश की विकास परियोजनाओं की प्रगति और नई योजनाओं की रूपरेखा पर विचार किया जाएगा। खासकर किसानों के लिए नई योजनाओं, सब्सिडी, आधुनिक कृषि तकनीक और सहकारी समितियों से जुड़े प्रस्तावों पर निर्णय लिए जाने की संभावना है। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, सरकारी अस्पतालों की व्यवस्थाओं में सुधार और शिक्षा क्षेत्र में नए कार्यक्रम शुरू करने जैसे मुद्दे भी चर्चा में शामिल होंगे। बैठक से प्रदेश की आम जनता को कई नई घोषणाओं की उम्मीद है। बता दें कि इस महीने कैबिनेट की यह दूसरी बैठक होगी।

# शराब घोटाला...ईओडब्ल्यू ने कांग्रेस को भेजा नोटिस

## देवेंद्र की मांगी पूरी जानकारी,गैदू बोले-मैंने 3 बार लिखित में जवाब दिया,मुझे 9 घंटे बैठाकर रखा



**रायपुर,29 सितम्बर 2025।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में एसीबी-ईओडब्ल्यू ने कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू को नोटिस जारी किया है। पार्टी कार्यालय के अकाउंटेंट देवेंद्र डड़सेना की डिटेल में जानकारी मांगी है। देवेंद्र कोषाध्यक्ष राम गोपाल का करीबी था। एसीबी ने नोटिस में पूछा है कि, देवेंद्र डड़सेना पार्टी कार्यालय से किस जिम्मेदारी में जुड़े थे। उनकी नियुक्ति किसने की थी, उसे कितना वेतन मिलता था। जांच एजेंसी ने संगठन से कर्मचारी की नियुक्ति,कार्यकाल और गतिविधियों का पूरा ब्योरा उपलब्ध कराने कहा है। इस पर मलकीत सिंह गैदू ने कहा कि देश की ऐसी पहली घटना होगी, जहां जांच एजेंसी राजनीतिक दल को प्रताड़ित और तंग कर रही है। राजनीतिक दबाव में कार्रवाई हो रही है। इसके पहले ईडी को लिखित में जवाब दे चुका हूं। मुझे कार्यालय में 9 घंटे बैठाकर रखा गया था। गैदू ने बताया कि ईडी ने उनसे सुकमा कांग्रेस भवन से जुड़ी जानकारी मांगी थी। एजेंसी ने पूछा था कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी से भवन निर्माण के लिए कितना फंड दिया गया और उसका निर्माण किस तरह हुआ। उन्होंने कहा कि भवन से जुड़ी पूरी फाइल और दस्तावेज लिखित में ईडी को उपलब्ध करा दिए गए थे। इसके बावजूद घंटों बैठाकर पूछताछ करना यह दिखाता है कि केंद्रीय एजेंसियां राजनीतिक दबाव में काम कर रही हैं। दरअसल,28 दिसंबर 2024 को ईडी ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश कवासी के घर पर छापेमारी की थी। टीम रायपुर के धरमपुरा स्थित लखमा के बंगले में पहुंची और वहां से गाड़ियों व दस्तावेजों की तलाशी ली थी।

### 9 घंटे तक ईडी कार्यालय में बैठाया गया

गैदू ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें तीन बार नोटिस दिया। हर बार उन्होंने लिखित जवाब दिया, लेकिन जवाब देने के समय उन्हें 9-9 घंटे तक ईडी कार्यालय में बैठाकर रखा गया। इससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा किस तरह केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि यह देश की पहली घटना है, जब किसी राजनीतिक दल को जांच एजेंसी प्रताड़ित कर रही है। राजनीतिक दबाव में कार्रवाई की जा रही है। पहले कभी किसी राजनीतिक दल को निशाना नहीं बनाया गया था, लेकिन यह देश की पहली निंदनीय घटना है, जिसमें पार्टी को प्रताड़ित किया जा रहा है।

# आरक्षक रामनारायण के नॉमिनी को मिला एक करोड़

## पुलिस सैलरी पैकेज से की गई मदद,सड़क दुर्घटना में मौत पर एसएसपी ने सौंपा चेक



**बिलासपुर,29 सितम्बर 2025।** बिलासपुर में जिला पुलिस बल के आरक्षक रामनारायण सिंह के नॉमिनी को पुलिस सैलरी पैकेज के तहत एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। यह सहायता राशि उनकी सड़क दुर्घटना में हुई आकस्मिक मौत के बाद दी गई। भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रजनेश सिंह ने संयुक्त रूप से एक करोड़ रुपए का चेक सौंपा। आरक्षक रामनारायण सिंह की मौत 5 अप्रैल को कोनी थाना क्षेत्र के ग्राम सेंदरी में एक सड़क दुर्घटना में हुई थी। इस घटना के बाद कोनी थाने में मर्ग कायम कर जांच की गई थी और फिर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। आरक्षक रामनारायण सिंह का नंबर 558 था। भारतीय स्टेट बैंक के पुलिस सैलरी पैकेज के तहत दुर्घटना के कारण मौत, स्थायी पूर्ण विकलांगता या स्थायी आंशिक विकलांगता होने पर नॉमिनी को बीमा राशि देने का प्रावधान है। पुलिस विभाग ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ इस पैकेज के लिए अनुबंध किया है।

# स्वच्छ,सुंदर,सुनियोजित,सुव्यवस्थित,संस्कारित और सुविधापूर्ण शहर बनाने के लिए करें काम:उपमुख्यमंत्री साव




**रायपुर,29 सितम्बर 2025।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव की मौजूदगी में शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने आज 14 नगरीय निकायों के बीच करार हुआ। इन समझौतों में संबंधित नगरीय निकायों के महापौरों,अध्यक्षों, आयुक्तों और सीएमओ ने हस्ताक्षर किए। केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय की नई पहल 'स्वच्छ जोड़ी शहर' के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत छत्तीसगढ़ के सभी सात शहर एक-एक और शहर की रैंकिंग सुधारने में मदद करेंगे। इसके लिए आज समझौता ज्ञापन में हस्ताक्षर के साथ ही नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 'स्वच्छ शहर जोड़ी संवाद' का आयोजन किया गया। प्रदेश के सभी 192 नगरीय निकाय इससे वर्चुअली जुड़े। उप मुख्यमंत्री साव ने नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में आयोजित कार्यक्रम में आरडीएफ ट्रैकिंग पोर्टल, व्हाट्स-अप चैटबॉट तथा स्वच्छता लीग के हिन्दी टूलकिट को भी लॉन्च किया। भारत सरकार के नवीन अभियान स्वच्छ शहर जोड़ी के तहत स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहर अपने राज्य के उन शहरों को जो स्वच्छ सर्वेक्षण में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं, उन्हें अपने अनुभवों का लाभ प्रदान कर स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग करेंगे। इसके लिए आज मेन्टोर शहर एवं मेन्टी शहरों द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर करने के साथ ही आगे के रोडमैप पर विस्तृत चर्चा की गई। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा आज लॉन्च किए गए डिजिटल नवाचार 'आरडीएफ ट्रैकिंग पोर्टल' के द्वारा निकाय स्तर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुदृढ़ की जाएगी। यह पोर्टल राज्य के सभी नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत संचालित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केंद्रों से उत्पन्न होने वाले रिफ्युज्ड डिराइव्ड फ्युइल की आवाजाही के डिजिटल निरीक्षण,निगरानी और विश्लेषण के लिए तैयार किया गया है। आज लॉन्च किए गए व्हाट्स-अप चैटबॉट के माध्यम से नागरिक 851-900-9090 नम्बर पर अब सीधे स्वच्छता संबंधी शिकायतें एवं समस्याएं दर्ज करा सकेंगे। स्वच्छता में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने की दृष्टि से विभाग द्वारा यह चैटबॉट प्रारंभ किया गया है। स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने,लोगों को जागरूक करने तथा साफ-सफाई के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए विभाग द्वारा स्वच्छता लीग टूलकिट का हिंदी संस्करण तैयार किया गया है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम में मौजूद महापौरों,अध्यक्षों,निगम आयुक्तों,मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तथा ऑनलाइन जुड़े नगरीय निकायों के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए छत्तीसगढ़ में अच्छा काम हो रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में 115 नगरीय निकायों ने अपनी रैंकिंग सुधारी है। 20 हजार से कम आबादी वाले देश के 100 सबसे साफ-सुथरे शहरों में अकेले छत्तीसगढ़ के 58 शहर शामिल हैं।

### सात नगरीय निकाय सात और निकायों को बनाएंगे स्वच्छ और सुंदर

मेंटर और मेंटी शहरों के बीच आज हुए एमओयू के अनुसार स्वच्छ सर्वेक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित रायपुर मेंटर के रूप में अपने मेंटी शहर बिरगांव नगर निगम को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इसी तरह से बिलासपुर नगर निगम रतनपुर को,अंबिकापुर नगर निगम बैकुंठपुर को, कुम्हारी नगर पालिका अहिवारा को, बिल्हा नगर पंचायत कोटा को,पाटन नगर पंचायत गुरुर को और विश्रामपुर नगर पंचायत जरही को स्वच्छता के कार्यों में सहयोग प्रदान करेगा।

# मुख्यमंत्री साय संत बाबा हरदास राम साहिब जी की बरसी महोत्सव में हुए शामिल



**रायपुर,29 सितम्बर 2025।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम पहुंचे, जहाँ उन्होंने संत शिरोमणि बाबा हरदास राम साहिब जी की 34 वीं बरसी महोत्सव में शामिल होकर संत परंपरा को नमन किया। मुख्यमंत्री साय ने गोदड़ीवाला धाम में स्थापित संत गेला राम साहिब जी की प्रतिमा के समक्ष मत्था टेककर प्रदेशवासियों के सुख,समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा...यह मेरा परम सौभाग्य है कि मुझे संत शिरोमणि बाबा हरदास राम साहिब जी की बरसी महोत्सव में शामिल होने का अवसर मिला। यहाँ देशभर से आए पूज्य संतों के दर्शन का लाभ मिल रहा है। मेरी कामना है कि छत्तीसगढ़ पर संतों का आशीर्वाद सदा बना रहे और घर-घर में खुशहाली एवं समृद्धि हो। मुख्यमंत्री ने बरसी महोत्सव में पधारे देशभर के संत-महात्माओं का छत्तीसगढ़ की पावन भूमि पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि गोदड़ीवाला संत बाबा हरदास राम जी का संपूर्ण जीवन मानव सेवा, त्याग और समर्पण का प्रेरणास्रोत रहा है। उनके चरण पड़ने से छत्तीसगढ़ की यह धरा धन्य हुई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि धाम परिसर में समय-समय पर आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान शिविर संत बाबा हरदास राम जी की शिक्षाओं और आदर्शों का जीवंत उदाहरण हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बरसी महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भक्ति, एकता और सामाजिक सेवा का उत्सव है। संत समाज को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या का मायका और भगवान श्रीराम का ननिहाल है। उन्होंने कहा कि राजिम में भगवान श्रीराम और माता सीता द्वारा स्थापित कुलेश्वर महादेव आज भी विराजमान हैं। भगवान श्रीराम ने अपने 14 वर्षों के वनवास में से लगभग 10 वर्ष छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर व्यतीत किए। प्रदेशवासी भगवान श्रीराम को आज भी अपना भांजा मानते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के दर्शन कराने हेतु 'रामलला दर्शन योजना' चला रही है।

# झोलाछाप डॉक्टर हिरासत में,गलत इंजेक्शन से बुजुर्ग की हो गई थी मौत,परिजनों के हंगामे के बाद पुलिस आयी हरकत में



**कोंडागांव,29सितम्बर 2025।** टॉन्सिल की समस्या को लेकर बुजुर्ग का इलाज कर रहे डॉक्टर ने न जाने क्या इंजेक्शन लगाया,उस शख्स की मौत हो गई। इस घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने जमकर हंगामा मचाया,जिसके बाद पुलिस ने कथित झोलाछाप डॉक्टर को हिरासत में ले लिया।

**इंजेक्शन लगाते ही बिगड़ने लगी तबियत :** जानकारी के अनुसार, आडक़ाछेपड़ा वार्ड निवासी बाला राम बंजारे (60) को गले में मामूली टॉन्सिल की शिकायत थी। वह इलाज के लिए कलेक्टर कार्यालय के सामने क्लीनिक चलाने वाले निखिल सिकदार नामक कथित डॉक्टर के पास पहुंचे। सिकदार ने बाला राम को एक इंजेक्शन लगाया, जिसके तुरंत बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। उनके मुंह से झाग निकलने लगा और जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजन दिनेश बंजारे और विशाल बंजारे ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि निखिल सिकदार कई सालों से खुलेआम झोलाछाप डॉक्टरी का धंधा चला रहा था। उन्होंने बताया कि सिकदार की पत्नी स्वास्थ्य विभाग में एएनएम के पद पर कार्यरत है और उनके निवास पर एक उप स्वास्थ्य केंद्र भी संचालित होता रहा है, जिसकी आड़ में सिकदार लंबे समय से अवैध रूप से मरीजों का इलाज कर रहा था। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि इस संबंध में पहले भी कई बार शिकायतें की गई थीं, लेकिन कोई कार्रवाई न होने के कारण उसका हौसला बढ़ता चला गया। एक वीडियो में निखिल सिकदार कैमरे के सामने यह स्वीकार करते हुए दिख रहा है कि उसने ही बाला राम बंजारे को इंजेक्शन लगाया था।

# रायपुर के 7 बार-क्लब सील,लाइसेंस भी निरस्त

## नियमों का उल्लंघन कर परोस रहे थे शराब,शेमरॉक,हाइपर,सिमर्स सहित 7 क्लबों पर हुई कार्रवाई




**रायपुर,29 सितम्बर 2025।** राजधानी रायपुर में लेट नाइट तक खुले रहने वाले होटल, क्लब और पब पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। 14 सितंबर की रात जब आबकारी विभाग की टीम ने इन जगहों की जांच की, तो कई जगह नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए। इसके बाद विभाग ने 15 सितंबर को कलेक्टर को चिट्ठी लिखकर इन पर कार्रवाई की सिफारिश की थी। आबकारी अफसरों ने जांच के दौरान पाया था कि ये होटल, बार और पब आधी रात के बाद भी खुले रहते थे और सरकार के तय नियमों का पालन नहीं कर रहे थे।

### देर रात खुले होटल-पब पर कलेक्टर की कार्रवाई

आबकारी विभाग के पत्र के बाद रायपुर कलेक्टर ने तुरंत कार्रवाई की है। कलेक्टर ने नियम तोड़ने वाले कई होटल, क्लब और पब के खिलाफ एक्शन लिया है। जिन जगहों पर कार्रवाई की गई है, उनमें शेमरॉक ग्लोबल, मिलानों फूड एंड कंपनी (फ्लोरेंस), जूक पब, जुनेजा वेंचर्स क्लब, रॉयल स्ट्रिट, हाईपर क्लब और द सिमर्स क्लब शामिल हैं। ये सभी तय समय के बाद भी खुले थे और नियमों का उल्लंघन कर रहे थे।

### सात बार और क्लबों के लाइसेंस निलंबित

रायपुर कलेक्टर (आबकारी) ने मामला गंभीर पाते हुए सख्त कदम उठाया। सोमवार, 29 सितंबर 2025 को आदेश जारी कर सातों बार और क्लब के लाइसेंस तीन दिनों के लिए सस्पेंड कर दिए गए हैं। आदेश में साफ कहा गया है कि इन सभी प्रतिष्ठानों को तुरंत सील किया जाए। इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

### जांच के दौरान मिली थी अनियमितता

आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान यह पाया गया कि इन बारों में लाइसेंस के नियमों का उल्लंघन किया गया है। मौके पर ही अधिकारियों ने मामले दर्ज किए और छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की कई अन्य धाराओं के उल्लंघन की भी पुष्टि की। इस कार्रवाई के बाद शहर के दूसरे बार और क्लब चलाने वालों में डर और हड़कंप मच गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)